page 1_Layout 1 02-09-2026 21:34 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 3 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :131 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

सीएम भगवंत सिंह मान ने कृषि विश्वविद्यालय में हॉर्टिकल्चर नॉलेज सेंटर को दी मंजूरी

जापान के सहयोग से बागवानी को बढ़ावा देने के लिए 1,300 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को स्वीकृति : मुख्यमंत्री

- पीएयू लुधियाना में स्थापित होगा हॉर्टिकल्चर नॉलेज सेंटर
- पंजाब ने 2036 तक 16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बागवानी के अधीन लाने का लक्ष्य रखा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में फसल विविधीकरण को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने और राज्य के बागवानी क्षेत्र को और मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) के सहयोग से पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना में हॉर्टिकल्चर नॉलेज सेंटर स्थापित करने को मंजूरी दी। यह पहल 1,300 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बागवानी का विस्तार करना, वैल्यू चेन को मजबूत करना और किसानों की आय बढ़ाना है। पंजाब ने वर्ष 2036 तक बागवानी के अधीन क्षेत्र को 16 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य बागवानी के अधीन क्षेत्र का विस्तार करना और मजबूत वैल्यू चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से बागवानी फसलों को बढ़ावा देना है। इससे फसल विविधीकरण के साथ किसानों की आय बढ़ेगी तथा किसानों को मिट्टी की सेहत सुधारने और पानी बचाने वाली टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब में इस समय *41.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र खेती के अधीन*



है, जिसमें से *5.27 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बागवानी के अधीन* है। इससे 106.10 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि बागवानी में फल, सब्जियां, मसाले, सुगंधित पदार्थ, फूल और अन्य फसलों की खेती शामिल है। प्रमुख फलों में किन्नू और अमरूद तथा प्रमुख सब्जियों में आलू और मटर शामिल हैं। इसके अलावा मधुमक्खी पालन और मशरूम की खेती भी बागवानी का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागवानी में विविधता लाने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से छुट्टे के सहयोग वाले *1,300 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट* को मंजूरी दी गई है। इसमें मशीनरी, बुनियादी ढांचे, मार्केटिंग, बीज और अनुसंधान में निवेश की संभावना है। इसके तहत वर्ष 2036 तक बागवानी का क्षेत्र बढ़ाकर 16 लाख हेक्टेयर किया जाएगा, जो मौजूदा स्तर की तुलना में लगभग *300 प्रतिशत वृद्धि* होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की मुख्य प्राथमिकता टिकाऊ बागवानी वैल्यू चेन विकसित करना, बागवानी क्षेत्र का विस्तार करना और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले एवं लाभदायक पौधों वाली नर्सरियों के विकास के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, मार्केट तक पहुंच, विस्तार सेवाओं और तकनीकी सहायता प्रणाली को मजबूत करने पर भी जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में स्थापित होने वाला हॉर्टिकल्चर नॉलेज सेंटर एक महत्वपूर्ण पहल होगी। यह केंद्र *अनुसंधान, तकनीकी ज्ञान, क्षमता निर्माण और आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाने* के लिए संस्थागत सहायता उपलब्ध करवाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से बेहतर पौधों और खेती से लेकर फसल कटाई के बाद प्रबंधन, मार्केटिंग और बाजार तक पहुंच तक पूरे बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने की उम्मीद है। इससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देते हुए किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के अवसर पैदा होंगे।

बैठक में मुख्य सचिव 'के.ए.पी. सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव 'डॉ. रवि भगत, कृषि विभाग के सचिव अरशदीप सिंह थिंद' सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

अमेरिका-ईरान में फिर बढ़ा तनाव, अमेरिकी हमले में कई लोगों की मौत का दावा

- अमेरिका ने ईरान पर तीन दिन में दूसरी बार हमला किया है
- सिरिक, खुजस्तान, किश्म द्वीप और बंदर अब्बास में मिसाइल और ड्रोन हमला
- ईरान मुताबिक, अमेरिका ने कई ठिकानों को निशाना बनाया

डेली आवाज भारती



अमेरिका ने ईरान पर तीन दिन में दूसरी बार हमला किया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात सिरिक, खुजस्तान, किश्म द्वीप और बंदर अब्बास समेत कई इलाकों में मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। ईरान का दावा है कि सिरिक में एक शादी समारोह के दौरान मिसाइल गिरी, जिसमें 4 लोगों की मौत हुई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। मरने वालों में एक 4 साल का बच्चा भी शामिल बताया जा रहा है। ईरान के मुताबिक, अमेरिका ने यहां कई ठिकानों को निशाना बनाया। वहीं, खुजस्तान प्रांत में हुए हमले में 7 लोगों की मौत और 8 लोगों के घायल होने का दावा किया गया है। अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई का दावा किया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के मुताबिक, जॉर्डन और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने जॉर्डन में बड़ी संख्या में सैनिकों के मारे जाने के दावे को खारिज किया है। इस बीच, अमेरिका-ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका का आरोप है कि ईरान समुद्री रास्ते में सी-माइंस बिछाने की कोशिश कर रहा था। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के लिए बेहद अहम समुद्री मार्ग है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस की सप्लाई होती है। ऐसे में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक ऊर्जा सप्लाई पर असर पड़ने की आशंका है।

ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए हमले

अमेरिकी नौसेना का विमानवाहक पोत स्स अब्राहम लिंकन भी लंबे समय तक पश्चिम एशिया में मिशन पर रहने के बाद बुधवार को थाईलैंड पहुंचा है। फिलहाल अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों की ओर से लगातार हमले और जवाबी कार्रवाई के दावे सामने आ रहे हैं। हालांकि, अमेरिका का कहना है कि उसके हमले ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे।

नेपाल बाढ़ त्रासदी :

अब तक 1127 लोगों की मौतें

4800 से ज्यादा लोग अभी भी लापता

- नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के एक हफ्ते बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी
- बाढ़ प्रभावित कई इलाकों में कीचड़ और मलबा जमा होने से आ रही है मुश्किल
- राहतकर्मी नदियों और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार लापता लोगों की तलाश कर रहे



भारत ने भेजी पांचवीं राहत उड़ान, यूपी में मिले नेपाल के 5 शव

भारत ने नेपाल के लिए पांचवीं राहत उड़ान भेजी है। इसमें 11 सदस्यीय रेस्क्यू टीम, बचाव उपकरण और 5.5 टन जरूरी दवाइयां भेजी गई हैं। इससे पहले भारत चार उड़ानों के जरिए करीब 68.5 टन राहत सामग्री भेज चुका है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में गंडक नदी से मिले नेपाल के 5 नागरिकों के शव मंगलवार को सोनौली सीमा पर नेपाल पुलिस को सौंपे गए। इनमें 2 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं।

डेली आवाज भारती

नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ के एक हफ्ते बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। अब तक 1127 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 4800 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। इनमें करीब 500 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। बाढ़ प्रभावित कई इलाकों में कीचड़ और मलबा जमा होने के कारण रेस्क्यू टीमों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राहतकर्मी नदियों और प्रभावित क्षेत्रों में लगातार लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। अभिनेता सोनू सूद भी काठमांडू पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों और बच्चों से मुलाकात कर राहत सामग्री वितरित की। नेपाल में सड़क और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कई चीनी नागरिक भी बाढ़ के बाद से लापता हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, करीब 100 चीनी नागरिकों का अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं कई अज्ञात शवों की हालत खराब होने के कारण उनकी पहचान मुश्किल हो गई है। शवों को जलाने की बजाय दफनाया जा रहा है, ताकि उनके अवशेष सुरक्षित रहें और ष्ठ्ठ जांच के जरिए परिजनों की पहचान की जा सके।

डीए मामले में पंजाब सरकार ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख, कहा- हम केंद्र से ज्यादा सैलरी दे रहे

सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

- सुनवाई करने से पहले कर्मचारियों का पक्ष जानेगा एससी
- कर्मचारी सर्वोच्च न्यायलय में केविएट भी फाइल कर चुके हैं
- कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मियों से ज्यादा वेतन दे रहा पंजाब

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को **डीए** देने से साफ इनकार कर दिया है। इस मामले में सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और स्पेशल लीव पिटीशन दी है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई करने से पहले कर्मचारियों का का पक्ष जानेगा क्योंकि कर्मचारी पहले ही सर्वोच्च न्यायलय में केविएट फाइल कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी पिटीशन में कहा कि वह कर्मचारियों को 15 दिन के 14,191 करोड़ रुपए नहीं दे सकता। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि वह अपने कर्मचारियों को केंद्रीय कर्मचारियों से ज्यादा वेतन दे रहा है। इसे लेकर पंजाब और केंद्रीय कर्मचारियों के आंकड़े भी जारी किए गए हैं। अगर कर्मचारियों को **डीए** जारी किया गया तो उनकी सैलरी और भी ज्यादा बढ़ जाएगी।

सरकार को जवाब दिया जाएगा : सुखचैन खैहरा

वहीं इस मामले पर साझा मुलाजिम मंच के प्रधान सुखचैन सिंह खैहरा ने भी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में पूरा जवाब देने की बात कही है। उनका कहना है कि पंजाब सरकार को जिस तरह हाईकोर्ट की सिंगल बैंच और डबल बैंच में मुंह की खानी पड़ी है वैसे ही सुप्रीम कोर्ट में भी खानी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट बंगाल के मामले में भी अपना आदेश सुना चुकी है और उसी आदेश के आधार पर हाईकोर्ट ने भी फैसला दिया है।


डीएसपी गुरशेर संधू की बर्खास्तगी रद्द, हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

लॉरेंस बिश्नोई के जेल साक्षात्कार मामले में हुई थी कार्रवाई, संधू ने कहा, उन्हें बनाया गया बलि का बकरा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के डीएसपी गुरशेर संधू को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनकी सेवा से बर्खास्तगी का आदेश रद्द कर दिया है। इसके साथ ही उनकी पुलिस सेवा में वापसी का रास्ता साफ हो गया है। पंजाब सरकार ने दो जनवरी, 2025 को संधू को सेवा से बर्खास्त किया था।

यह कार्रवाई गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खरड़ स्थित सीआइए परिसर में हुए साक्षात्कार के मामले में की गई थी। बाद में संधू के खिलाफ फिरौती और भ्रष्टाचार से





जुड़े मामले भी दर्ज किए गए थे। संधू ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि साक्षात्कार प्रकरण में उन्हें अनुचित तरीके से जिम्मेदार ठहराया गया और पूरे मामले में बलि का बकरा बनाया गया। याचिका में उन्होंने बताया था कि बिश्नोई को पंजाब लाए जाने के बाद से ही वह एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की हिरासत में था। खरड़ के सीआइए परिसर में भी उसकी कस्टडी एजीटीएफ के पास थी। ऐसे में साक्षात्कार के लिए उन्हें सीधे जिम्मेदार ठहराकर सेवा से बर्खास्त करना उचित नहीं था।संधू ने अपनी याचिका में यह भी कहा था कि बर्खास्तगी जैसी कठोर कार्रवाई से पहले उनका पक्ष उचित रूप से नहीं सुना गया। उन्होंने इसी आधार पर सरकार के आदेश को चुनौती दी थी। हालांकि समाचार लिखे जाने तक हाई कोर्ट का विस्तृत आदेश जारी नहीं हुआ ।

जालंधर में बेखौफ लुटेरे

गुरुद्वारा साहिब के बाहर बुजुर्ग से लूट की कोशिश

महानगर में लगातार बढ़ती जा रही आपराधिक वारदातें, वहीं आम जनता के बीच दहशत और असुरक्षा का माहौल

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः महानगर में लगातार बढ़ती आपराधिक वारदातों से आम जनता के बीच दहशत और असुरक्षा का माहौल गहराता जा रहा है। तेजधार हथियारों से लैस बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें पुलिस या कानून का कोई डर नहीं रहा। ताजा मामला डॉ. बी.आर. आंबेडकर चौक (नकोदर चौक) के पास अजीत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के बाहर से सामने आया है, जहां देर रात एक्टिवा सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति को निशाना बनाने की कोशिश की गई। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बुजुर्ग व्यक्ति एक्टिवा खड़ी करके सामान रख रहा था। उसी दौरान दो बाइक सवार युवक वहां से गुजरे। जैसे ही बुजुर्ग अपनी एक्टिवा लॉक



करके गुरुद्वारा साहिब के अंदर जाने लगा, दोनों बाइक सवार युवकों ने आवाज देकर रोक लिया। इसके बाद एक युवक हाथ में तेजधार हथियार लेकर बुजुर्ग की तरफ बढ़ा और उनसे हाथापाई करते हुए लूटपाट का प्रयास करने लगा। लुटेरों के हमले के बावजूद बुजुर्ग ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने तुरंत गुरुद्वारा साहिब के अंदर भागकर अपनी जान बचाई और लूट की कोशिश को नाकाम कर दिया। मुख्य सेवादार हरजोत लक्की ने बताया कि घटना रात करीब 1:30 बजे की है। उस समय बुजुर्ग द्वारा शोर मचाने पर अंदर मौजूद संगत जब नीचे पहुंची, तो पकड़े जाने के डर से दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

बेअदबी या लूट की नीयत पर आशंका, पुलिस को अल्टीमेटम

आशंका जताई जा रही है कि आरोपी सिर्फ लूट ही नहीं, बल्कि बड़ी वारदात या बेअदबी की नीयत से आए थे। लिखित शिकायत और सीसीटीवी फुटेज थाना 4 की पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस ने तीन दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई, तो विभिन्न सिंह सभाओं और गुरुद्वारा कमेटियों के साथ मिलकर तीखा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

केंद्र को भारत के डेटा सेंटर उद्योग में 200 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद : पीयूष गोयल

नई दिल्ली।। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकार को उम्मीद है कि डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेश करीब 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और एआई इकोसिस्टम से बड़े पैमाने पर पैदा हुए अवसरों को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने यहां फ्गईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) फॉर स्केलिंग इंडिया डेटा सेंटर इकोसिस्टमफ्ग विषय पर आयोजित सीईओ राउंडटेबल के दौरान कहा कि डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए भारत दुनिया का सबसे बेहतर स्थान है। गोयल ने वैश्विक अनिश्चितता और उतार-चढ़ाव के बीच भारत की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया और कहा कि पहली तिमाही में देश विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है।



जालंधर में भाजपा का सख्त एक्शन

अरविंद मिश्रा को बाहर निकाला, पार्टी की छवि खराब करने का आरोप

यह कार्रवाई अनुशासन भंग करने के आरोप में की गई

- ऐसी गतिविधियां कर रहे थे, पार्टी की छवि को नुकसान
- तत्काल प्रभाव से पार्टी से बाहर करने का फैसला लिया
- अनुशासनहीनता को लेकर किसी तरह की नरमी नहीं

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर में भाजपा ने अरविंद मिश्रा को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने उन्हें तत्काल रूप से बाहर निकाला है। यह कार्रवाई अनुशासन भंग करने के आरोप में की गई है। पार्टी ने इसे लेकर आदेश भी जारी किया है। पार्टी की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि अरविंद मिश्रा लगातार ऐसी गतिविधियां कर रहे थे, जिससे पार्टी की छवि को नुकसान पहुंच रहा था। इसी आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से बाहर करने का फैसला लिया गया।



अनुशासनहीनता पर नरमी नहीं बरतेंगे

***अब** अरविंद मिश्रा की किसी भी गतिविधि या कार्रवाई से भाजपा का कोई संबंध नहीं होगा। पार्टी ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अनुशासनहीनता को लेकर किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी।*

CMYK

page 2_Layout 1 02-09-2026 19:26 Page 1

मानसून सत्र में सरकार ने किया गुमराह, हर सवाल पर लिया झूठ का सहारा: हुड्डा

भाजपा ने हरियाणा को 5.53 लाख करोड़ के कर्ज में डुबोया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आरोप लगाया कि मानसून सत्र के दौरान सरकार ने विपक्ष के सवालों का जवाब देने की बजाय सदन को गुमराह किया और झूठ का सहारा लिया।

उन्होंने विधानसभा परिसर में विधायकों के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार को विधानसभा के इतिहास का 'काला अध्याय' करार दिया। हुड्डा बुधवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातची बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि वह कई बार सांसद और विधायक रह चुके हैं, लेकिन इस बार जैसा व्यवहार विपक्षी विधायकों के साथ हुआ, वैसा कभी नहीं देखा। सफाई कर्मचारियों के मुद्दे पर भी हुड्डा ने सरकार पर तथ्य छिपाने का आरोप लगाया। उन्होंने 16 और 18 जून 2014 की कांग्रेस सरकार की नीतियों के नोटिफिकेशन दिखाते हुए कहा कि तीन वर्ष से कार्यरत कर्मचारियों को पक्का करने का फैसला लिया गया था। उन्होंने दावा किया कि इन नीतियों को उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक जायज ठहराया गया। हुड्डा ने सवाल किया कि जब कांग्रेस ऐसी नीति बना सकती थी तो भाजपा सफाई कर्मचारियों के लिए ऐसा फैसला क्यों नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में 11 हजार ग्रामीण और 14 हजार शहरी सफाई कर्मचारी नियुक्त किए गए थे, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें अब तक पक्का नहीं कर सकी। कांग्रेस मांग करती है कि सफाई कर्मचारियों को पक्का करने का प्रस्ताव विधानसभा में लाया जाए, विपक्ष उसका समर्थन करेगा। हुड्डा ने आईडीएफसी बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े कथित घोटालों पर कहा कि सरकार का दावा है कि इन मामलों में वित्तीय नुकसान नहीं हुआ। यदि ऐसा है तो तीन आईएएस अधिकारियों को निलंबित क्यों किया गया? उन्होंने सवाल किया कि जांच से भागकर सरकार आखिर किसे बचाना चाहती है।

हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा को 5.53 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डुबो दिया है। उन्होंने भाजपा सरकार को प्रचार, पुलिस, पोर्टल और पोलराइजेशन की सरकार बताया। आयुष्मान योजना पर उन्होंने कहा कि सरकार योजना को सही तरीके से नहीं चला पा रही है और निजी अस्पतालों का करीब 1,200 करोड़ रुपये बकाया है। इसके चलते गरीब मरीजों को इलाज में परेशानी हो रही है।

ईडी के सबूत साझा करने तक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एफआईआर नहीं : अमन अरोड़ा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पंजाब पुलिस को 'कैश फॉर ट्रांसफर और लैंड फ्रॉड' मामले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर एफआईआर दर्ज करने के लिए भेजे गए पत्रों के बीच आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बुधवार को कहा कि जब तक ईडी पंजाब पुलिस के साथ पुख्ता और स्पष्ट सबूत साझा नहीं करता, तब तक एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती। 31 अगस्त को ईडी की ओर से पंजाब पुलिस को भेजे गए तीसरे पत्र के संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए अरोड़ा ने आरोप लगाया कि यह पूरा मामला केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से शुरू किया गया राजनीतिक बदनाम करने का अभियान है। उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

अरोड़ा ने कहा कि ईडी द्वारा भेजी गई जानकारी स्पष्ट रूप से पढ़ने योग्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी ईडी उनका नाम ले रही है, कभी कैबिनेट सहयोगी लाल चंद कटारूचक का और संजीव अरोड़ा को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन उनके अनुसार इन मामलों में ठोस आधार सामने नहीं आया है। ईडी ने पंजाब सरकार के 28 अगस्त के पत्र के जवाब में भेजे गए पत्र में पहले साझा की गई मनी लॉन्ड्रिंग संबंधी जानकारी के आधार पर तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी ने कहा है कि उसके पहले पत्र को भेजे हुए 30 दिन बीत चुके हैं और देरी से सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका पैदा हो सकती है।

ईडी ने पंजाब पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज करने से पहले अतिरिक्त प्रारंभिक जांच रिपोर्ट मांगे जाने के अनुरोध को भी खारिज कर दिया है। ईडी और पंजाब पुलिस के बीच चल रहा पत्राचार इस साल मई की शुरुआत में निखिल गोहल से जुड़े परिसरों पर हुई ईडी की तलाशी के बाद सामने आया। ईडी का दावा है कि इस कार्रवाई के दौरान कथित 'कैश फॉर ट्रांसफर और लैंड फ्रॉड' नेटवर्क से जुड़े अहम तथ्य सामने आए। अरोड़ा ने कहा कि पंजाब सरकार पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है कि ईडी द्वारा स्पष्ट और पढ़ने योग्य सबूत उपलब्ध कराने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि पुलिस को भेजे गए दस्तावेजों की प्रतियां और स्नैपशॉट स्पष्ट नहीं हैं। अरोड़ा ने अपने खिलाफ ईडी की जांच को लेकर कहा कि एजेंसी ने उनके मित्र गौरव धीर को निशाना बनाकर उन तक पहुंचने की कोशिश की। उन्होंने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि धीर के अल्टस प्रोजेक्ट से संबंधित छह सीएलयू वर्ष 2011 से 2022 के बीच मंजूर किए गए थे, जब राज्य में शिअद-भाजपा और कांग्रेस की सरकारें थीं। उन्होंने दावा किया कि प्रोजेक्ट के लेआउट प्लान में भी दो बदलाव पिछली सरकारों के कार्यकाल में और तीन बदलाव आप सरकार के दौरान हुए। अरोड़ा के अनुसार, ये बदलाव कानूनी प्रक्रिया के तहत किए जा सकते हैं। उन्होंने ईडी के उस आरोप को भी निराधार बताया, जिसमें कथित तौर पर डेवलपर द्वारा जमीन गमाडा को वापस बेचने को गौरव धीर को लाभ पहुंचाने से जोड़ा गया है। अरोड़ा ने कहा कि इस मामले का आधार बनी दो एफआईआर को अदालत पहले ही रद्द कर चुकी है। फिलहाल ईडी और पंजाब पुलिस के बीच इस मामले को लेकर पत्राचार जारी है और एफआईआर दर्ज करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मतभेद बने हुए हैं।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर सरकार का विशेष जोर : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़/राहुल गोयल । हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेशवासियों को बेहतर, आधुनिक और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं उनके नजदीक उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा की सुविधाओं को भी लगातार मजबूत कर रही है, ताकि आमजन को गंभीर बीमारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में बेहतर उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को सचिवालय में स्टेट फाइनेंस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में करनाल स्थित कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के फेज-II विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती राव भी मौजूद थी। फेज-II के तहत अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं और क्षमता में बड़े स्तर पर विस्तार किया जाएगा। इससे करनाल सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और सुपर-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। वर्तमान में कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हर वर्ष 120 एमबीबीएस विद्यार्थियों को दाखिला दिया जाता है तथा 64 पीजी सीटें हैं। अस्पताल में करीब 600 बेड की क्षमता है। फेज-II के तहत अस्पताल परिसर के विस्तार के लिए 404.95 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत ट्रॉमा सेंटर, बर्न यूनिट एवं बर्न वार्ड, आईसीयू, आईसीसीयू, जनरल मेडिसिन, नेफ्रोलॉजी, न्यूरो सर्जरी और मनोरोग विभाग से जुड़ी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

हरियाणा: 504 करोड़ के सरकारी फंड घोटाले में 6 आईएएस और 4 बैंकर्स समेत 19 के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दाखिल

डेली आवाज भारती



चकूला। हरियाणा में सरकारी खजाने में लगी 504 करोड़ रुपये की भारी-भरकम सेंधमारी के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आज बड़ा कदम उठाया है। सीबीआई ने बुधवार, 2 सितंबर 2026 को पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में 19 आरोपियों के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दाखिल कर दी। इस चार्जशीट में हरियाणा कैडर के 6 वरिष्ठ आईएएस (IAS) अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के 3 अधिकारी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का 1 अधिकारी और हरियाणा सरकार के 9 अन्य कर्मचारी शामिल हैं। सीबीआई जांच में सामने आया कि आरोपी नौकरशाहों और बैंक अधिकारियों ने सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत इस महाघोटाले को अंजाम दिया। हरियाणा के वित्त विभाग के वित्तीय सतर्कता और धोखाधड़ी रोकथाम संबंधी दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए राज्य सरकार के 8 प्रमुख विभागों के फंड को सूचीबद्ध बैंकों से हटाकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की उन विशिष्ट शाखाओं में ट्रांसफर किया गया, जहां आरोपी बैंकर्स तैनात थे। इसके बाद इन खातों से फर्जी तरीके से सरकारी धन को तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) के खातों में भेजा गया, जिनका सरकार से कोई लेना-देना नहीं था। इस रकम को कई बैंक खातों में घुमाकर (लेयरिंग कर) नकदी में बदला गया और आरोपियों ने आपस में बंदरबांट की। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि इस घोटाले से पंचायत विभाग, पंचकूला व कालका नगर निगम, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद (HSSPP), हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड (HLWB), हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (HSAMB), हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (HSPCB) और हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPGCL) प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार के अनुरोध पर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच हाथ में लेने वाली सीबीआई अब तक 54 ठिकानों पर छापेमारी कर लगभग 20 करोड़ रुपये का सोना जब्त कर चुकी है तथा 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस तीसरी चार्जशीट के साथ मामले में अब तक चार्जशीट किए गए कुल आरोपियों की संख्या 37 हो गई है। इसके अलावा चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी व क्रेस्ट (छत्रश्चस्त्र) से जुड़े दो संबंधित मामलों में भी जांच जारी है। मोहम्मद शाईन हरियाणा पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, डॉ. साकेत कुमार विकास एवं पंचायत विभाग, प्रदीप कुमार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विनीत गर्ग हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राम कुमार सिंह नगर निगम पंचकूला एवं कालका, पंकज अग्रवाल हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद एवं हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड।

सरकारी विभागों/निगमों के अधिकारी व कर्मचारी

दीप्ति कौशिक एचपीजीसीएल, राजेश गोयल एचपीजीसीएल, प्रिंस शर्मा विकास एवं पंचायत विभाग, सौरव कुमार / सौरव शर्मा एचएसपीसीबी, प्रवीण कुमार एचएसपीसीबी, सुरेंद्र जैन नगर निगम पंचकूला एवं एचएसपीसीबी, सुरिंदर कौर हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड, अमित कुमार (क्लर्क) हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड, जुगल किशोर (अकाउंट्स ऑफिसर) हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड हैं।

बैंक अधिकारी : शमीम अहमद डार, सुधा गोयल, कुलदीप सिंह आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के चरणजीत सिंह रंधावा शामिल हैं।

शिव नगर के लोगों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करवाने की दिशा में बड़ी पहल

विधायक शक्ति रानी शर्मा के आग्रह पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र – व्यक्तिगत मुलाकात के लिए भी मांगा समय

डेली आवाज भारती



कालका/सुनील दत्त : कालका विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 स्थित शिव नगर (खिला कॉलोनी) के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही 10 फीट चौड़े रेलवे अंडरपास की मांग को पूरा करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। कालका की विधायक शक्ति रानी शर्मा ने क्षेत्रवासियों की इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा से इस मामले को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया। विधायक शक्ति रानी शर्मा के आग्रह पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर शिव नगर में प्रस्तावित 10 फीट चौड़े रेलवे अंडरपास के निर्माण को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने तथा निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया है।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात के लिए समय भी मांगा है। वे स्वयं रेल मंत्री से मिलकर शिव नगर के अंडरपास का पूरा मामला उनके समक्ष रखेंगे और इसके शीघ्र समाधान तथा निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से पैरवी करेंगे। शिव नगर के लोगों की समस्या केवल आवागमन की सुविधा से जुड़ी हुई नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लोगों की सुरक्षा और जीवन से जुड़ा गंभीर विषय है। रेलवे लाइन के कारण कॉलोनी का सीधा सड़क संपर्क बाधित है। वर्तमान में कॉलोनी लगभग 14 फीट चौड़ी और करीब 95 फीट लंबी पक्की सड़क से जुड़ी हुई है। रेलवे लाइन के कारण स्थानीय लोगों को कई बार रेलवे ट्रैक पार करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सबसे गंभीर परेशानी उस समय होती है जब किसी व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है। एम्बुलेंस, डॉक्टर और अन्य आपातकालीन सेवाओं का समय पर कॉलोनी तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा रेल मंत्री को लिखे पत्र में इस समस्या से जुड़ी दुखद घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। पत्र के अनुसार, 7 जुलाई 2021 को रेलवे लाइन पार करते समय एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार, जुलाई 2024 में कॉलोनी के एक बुजुर्ग निवासी के गंभीर रूप से बीमार होने पर उचित सड़क संपर्क के अभाव में डॉक्टर समय पर कॉलोनी तक नहीं पहुंच सके। मरीज को चारपाई पर ले जाकर चिकित्सा सहायता दिलाने का प्रयास किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश देरी के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि शिव नगर में सुरक्षित अंडरपास का निर्माण सिर्फ विकास का कार्य नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और जीवन बचाने से जुड़ी अत्यंत आवश्यक परियोजना है। कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि शिव नगर खिला क्लोनी के लोगों की यह मांग लंबे समय से चली आ रही है और इसे गंभीरता से पूरा करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा,खिला कालोनी ÷शिव नगर के लोगों को अपने ही क्षेत्र में आने-जाने के लिए रेलवे लाइन पार करने की मजबूरी नहीं होनी चाहिए।

खरड़ के नए हलका प्रभारी गोल्डी को लेकर अकाली दल के खेड़ा का 'आप' पर तीखा हमला, अनमोल गगन मान को हटाने पर उठाए सवाल

डेली आवाज भारती



खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के खरड़ हलका इंचार्ज रविंदर सिंह खेड़ा ने बुधवार को परमिंदर सिंह गोल्डी को पार्टी का नया खरड़ हलका इंचार्ज नियुक्त किए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया कि वह बार-बार चेहरे बदल रही है, जबकि खरड़ हलके को विकास से वंचित रखा गया है। खेड़ा ने कहा कि आप सरकार लोगों से 'बदलाव' के वादे के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस बदलाव देखने को नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि हलका इंचार्जों को लगातार बदलने का सिलसिला चलता रहा, जबकि हलके में विकास कार्य ठप पड़े रहे। आप के शासन के दौरान खरड़ के राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र करते हुए खेड़ा ने कहा कि पार्टी ने पहले खरड़ से कंवर संधू को टिकट दिया था। उनके आरोप के अनुसार, पांच साल सत्ता में रहने के बावजूद हलके के विकास के लिए कोई ठोस काम नहीं किया गया। इसके बाद अनमोल गगन मान को जिम्मेदारी दी गई, जिनके परिवार पर खेड़ा ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए और कहा कि लोगों की भलाई के लिए अपेक्षित कार्य नहीं किए गए। खेड़ा ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि खरड़ की पार्टी कमान बार-बार ऐसे लोगों को सौंपी जा रही है, जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं और जिन्हें जनहित की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि अनमोल गगन मान का नाम खरड़ से पूरी तरह क्यों हटा दिया गया और क्या उनकी टिकट काटे जाने के पीछे भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप कोई कारण थे। खेड़ा ने कहा कि आप सरकार को इस संबंध में खरड़ के लोगों को स्पष्ट जवाब देना चाहिए, ताकि जनता को वास्तविक स्थिति का पता चल सके। परमिंदर सिंह गोल्डी की नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए खेड़ा ने कहा कि नए हलका प्रभारी इससे पहले यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल के दौरान खरड़ में एक भी नई सड़क नहीं बनी।

हरियाणा में गैंगस्टरों के निशाने पर उद्योगपति,नेता व गायक

डेढ साल में धमकी के बाद 396 को दी पुलिस ने सुरक्षा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा में भी अब गैंगस्टरों और जबरन वसूली की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उद्योगपतियों और राजनेताओं से लेकर गायकों तक, कई लोग सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। हरियाणा विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार जबरन वसूली के मामले में सबसे ज़्यादा खतरा कारोबारियों को है, इसके बाद जन-प्रतिनिधि और कलाकार जैसे अन्य लोग आते हैं। सरकार ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 31 जुलाई 2026 के बीच गैंगस्टरों से धमकी मिलने के बाद राज्य में 396 लोगों को सुरक्षा दी गई। सुरक्षा पाने वालों में 338 (85 प्रतिशत से ज़्यादा) कारोबारी हैं, 25 जन-प्रतिनिधि हैं और 33 अन्य श्रेणियों से हैं, जिनमें हरियाणवी गायक भी शामिल हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने संगठित अपराध में बढ़ोतरी के लिए बिगड़ती कानून-व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया है। राज्य में लॉरेंस बिश्नोई, संपत नेहरा, अनिल छिप्पी, अक्षय पालरा, संदीप उर्फ काला जठेड़ी, नीरज बवाना, नवीन बाली, हिमांशु उर्फ भाऊ और काला खरमपुरिया जैसे गैंगस्टरों के गिरोह सक्रिय हैं। इनमें से कई गैंगस्टरों का नेटवर्क विदेशों तक फैला हुआ है। 26 अगस्त को उत्तर प्रदेश के शामली में हरियाणवी गायक अंकित बालियान की कथित तौर पर गोगी गैंग के शूटर्स ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि हत्या की वजह उनका गाना 'कोर्ट में गोली मारेंगे मेरी जान... जज के पसीने आएंगे' था। जांचकर्ताओं को शक है कि इस हत्या की साजिश हरियाणा की जेल के अंदर से रची गई थी। कुछ दिन पहले, करनाल से बीजेपी विधायक जगमोहन आनंद को बलबीर सिंह नाम के व्यक्ति से जान से मारने की धमकी मिली थी, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एरिया कमांडर बताया था। सिरसा से कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया को कई बार धमकियां मिल चुकी हैं, जबकि महम से कांग्रेस विधायक बलराम डांगी को हाल ही में 5 करोड़ रुपये की मांग वाली जबरन वसूली की कॉल आई थी। सुरक्षा से जुड़े ये आंकड़े मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुलाना से कांग्रेस विधायक पूजा के एक सवाल के जवाब में साझा किए। सैनी ने कहा कि सुरक्षा घेरे में मौजूद लोगों की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि ऐसा करने से उनके लिए खतरा बढ़ सकता है। हरियाणा ने राज्य में ÷हाई-वैल्यू टारगेट÷ (अहम लोगों) की सुरक्षा के लिए 691 सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं। सैनी ने बताया कि राज्य सरकार 366 लोगों की सुरक्षा का खर्च उठा रही है, जबकि 20 लोगों को भुगतान के आधार पर सुरक्षा दी गई है।

मोहाली हवाई अड्डे पर विदेशी पर्यटकों को मिलेगी हरियाणा टूरिज्म की जानकारी

सरकार ने खोला टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन एंड फैसिलिटेशन सेंटर, एआई ऐप 'सरस्वती' बनेगा पर्यटकों का डिजिटल गाइड

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मोहाली में आने वाले पर्यटकों को अब हरियाणा के टूरिज्म की जानकारी मिल सकेगी। हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मोहाली के आगमन टर्मिनल पर हरियाणा पर्यटन विभाग के टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन एंड फैसिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि एयरपोर्ट पर पहुंचने वाले पर्यटकों को हरियाणा के प्रमुख पर्यटन एवं विरासत स्थलों, पर्यटन सर्किट, होटल-रिसॉर्ट, मेलों और आयोजनों की जानकारी के साथ बुकिंग संबंधी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। डिजिटल एवं इंटरैक्टिव तकनीक के माध्यम से पर्यटकों को प्रदेश की विविध पर्यटन संभावनाओं से परिचित कराया जाएगा।

टीआईएफसी में एआई आधारित 'सरस्वती' ऐप शामिल है। यह ऐप पर्यटकों को हरियाणा के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत, संस्कृति, मेलों, आयोजनों और पर्यटन सुविधाओं के बारे में त्वरित एवं इंटरैक्टिव जानकारी उपलब्ध कराने में मदद करेगा। पर्यटक अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न स्थलों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ हरियाणा भ्रमण की योजना बनाने में भी इस ऐप की सहायता ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान अब केवल खेती-किसानी, उद्योग और खेल तक सीमित नहीं है। कुरुक्षेत्र की गीता, सूरजकुंड की कला, पिंजौर की विरासत, मोरनी की पहाडि ां, धोसी पहाड़ी की आस्था और गांवों की संस्कृति प्रदेश को पर्यटन की व्यापक संभावनाएं प्रदान करती हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि वर्ष 2026 में आयोजित 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में 53 देशों के 700 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। अब सूरजकुंड मेला परिसर का सालभर विवाह, सांस्कृतिक और अन्य आयोजनों के लिए उपयोग करने तथा सितंबर से दिसंबर के बीच अतिरिक्त मेलों के आयोजन की संभावनाओं पर भी काम किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि टिक्कर ताल, तिलयार झील और हथनीकुंड बैराज जैसे स्थलों को साहसिक पर्यटन से जोडने की दिशा में काम किया गया है। जल क्रीड़ा, नौकायन, बनाना बोट, जेट स्की और कैंपिंग जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि ज्योतिसर में 205.58 करोड़ रुपये की लागत से महाभारत अनुभव केंद्र विकसित किया गया है, जबकि विराट स्वरूप में 13.63 करोड़ रुपये की लागत से प्रकाश एवं ध्वनि शो तैयार किया गया है।

CMYK

page 3_Layout 1 02-09-2026 19:58 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ वीरवार, 3 सितंबर 2026

गलती से भी विरोधी दलों को वोट दे दिया तो ये लोक कल्याण की योजनाएं बंद करवा देंगे : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

कांग्रेस और अकाली दल ने दीमक की तरह पंजाब को खोखला किया, अकाली दल पंजाब को लूटने के लिए फिर भाजपा से हाथ मिलाने को तरलोमच्छी : मुख्यमंत्री

डेली आवाज भारती





मुल्लापुर गरीबदास (संदीप अकालगढ़िया, राहुल) मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने विरोधी राजनीतिक दलों पर तीखे हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस और अकाली दल ने लंबे समय तक पंजाब को दीमक की तरह खोखला करने का काम किया है उन्होंने कहा कि अकाली दल पंजाब को लूटने के लिए एक बार फिर भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए तरलोमच्छी हो रहा है, लेकिन पंजाब के जागरूक लोग इन्हें दोबारा सत्ता में नहीं आने देंगे। खरड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित 'लोक मिलनी' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब और पंजाबियों की भलाई के लिए लगातार काम कर रही है उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टियों द्वारा सरकार की ओर से शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन पंजाब की जनता अब उनके झूठे प्रचार में नहीं आएगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि गलती से भी यदि लोगों ने विरोधी दलों को वोट दे दिया तो ये लोग सत्ता में आकर आम जनता के हित में चल रही लोक कल्याणकारी योजनाओं को बंद करवा देंगे उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों को यह फैसला करना होगा कि उन्हें पुराने राजनीतिक दलों की सरकार चाहिए या ऐसी सरकार चाहिए जो आम लोगों के घरों तक सुविधाएं पहुंचा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पंजाब को आर्थिक और विकास के मामले में काफी पीछे धकेल दिया। कांग्रेस और अकाली दल के शासनकाल में सरकारी स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों तथा सिंचाई व्यवस्था पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। इसके विपरीत मौजूदा सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, सिंचाई और महिलाओं की भलाई को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं। सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के साथ-साथ 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' जैसी महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए अध्यापकों की ट्रेनिंग और आधुनिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में करीब 9,300 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के नौजवानों को नशे की दलदल से बाहर निकालने और उन्हें खेलों से जोड़ने के लिए राज्य में बड़े स्तर पर खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं गांवों और शहरों में खेल स्टेडियम बनाए जा रहे हैं, ताकि युवा अपनी प्रतिभा को निखार सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंजाब के नौजवानों को अच्छी शिक्षा, खेल और रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने आम परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए बिजली, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली की सुविधा से बड़ी संख्या में परिवारों को लाभ मिल रहा है और लोगों के बिजली के बिलों का बोझ कम हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी पंजाब सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आम आदमी क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंजाब के प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए भी सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं महिलाओं को दी जा रही आर्थिक सहायता से बड़ी संख्या में परिवारों को लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना पंजाब सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं और बड़ी संख्या में युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई हैं उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी सिफारिश और भ्रष्टाचार के योग्य नौजवानों को रोजगार देने की नीति अपनाई है। भगवंत सिंह मान ने विरोधी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जो नेता वर्षों तक सत्ता में रहे, उन्होंने पंजाब के आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि अब यही नेता अलग-अलग रूपों में जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने पारंपरिक राजनीतिक दलों को कई मौके दिए, लेकिन इन पार्टियों ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की बजाय पंजाब को कर्ज और समस्याओं के बोझ तले दबाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार एक आम परिवार से निकलकर आई है और उसे आम लोगों की परेशानियों का पूरा एहसास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पंजाब के खजाने का एक-एक पैसा लोगों की भलाई पर खर्च कर रही है।

21 लड़कियों के सामूहिक विवाह 17 फरवरी 2027 को



डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया) श्री विश्वकर्मा रामगढ़िया वेलफेयर सोसायटी रजि. कुराली की ओर से 21 लड़कियों के सामूहिक विवाह करवाने का निर्णय लिया गया है। यह सामूहिक विवाह समारोह 17 फरवरी 2027 को कुराली में करवाए जाएंगे। प्रधान रविंदर सिंह बिल्ला ने बताया कि सोसायटी की ओर से समाजसेवा के प्रयासों के तहत जरूरतमंद परिवारों की लड़कियों के सामूहिक विवाह करवाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। इसी कड़ी के तहत इस बार 21 लड़कियों के विवाह करवाने का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देना तथा समाज में भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करना है। सामूहिक विवाह समारोह को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस मौके पर अजमेर सिंह लाली गोसला, सोहन सिंह महासचिव, सेवा सिंह प्रेस सचिव, बलविंदर सिंह, दलीप सिंह एडवोकेट, हरि कृष्ण धीमान कैशियर, सुखविंदर सिंह, अमृत इलेक्ट्रिकल, जीएस राजा सचिव, ठाकुर सिंह भाट, जसदीप सिंह माखन, कुलवंत सिंह कालू, संजू पंडित, जगजीत कलसी, हैप्पी धीमान और भुवनेश्वर धीमान सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने श्री वाल्मीकि तीर्थ में सरोवर की कार सेवा में लिया हिस्सा

24 सितंबर को सरोवर में जल प्रवाह कर कार सेवा होगी संपन्न : हरभजन सिंह ई.टी.ओ.

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) ङ्क लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज श्री वाल्मीकि तीर्थ में पवित्र सरोवर की चल रही कार सेवा में संगत के साथ मिलकर सेवा में योगदान दिया। इस अवसर पर उन्होंने श्री वाल्मीकि तीर्थ में नतमस्तक होकर भगवान श्री वाल्मीकि महाराज जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन, भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल श्राइन बोर्ड, बाल योगी बाबा प्रगट नाथ जी तथा अन्य संतों-महापुरुषों के सहयोग से 4 जुलाई को सरोवर की कार सेवा शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि इस कार सेवा में बड़ी संख्या में संगत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ भाग ले रही है और अपना योगदान दे रही है। उन्होंने बताया कि सरोवर के तल को समतल करने का कार्य जारी है तथा इसमें 12 से 14 इंच रेत की नई परत डाली जा रही है।

उन्होंने कहा कि 24 सितंबर, 2026 को सरोवर में जल प्रवाहित किया जाएगा, जिसके साथ कार सेवा का कार्य संपन्न हो जाएगा। उन्होंने समस्त संगत से अपील की कि वे इस पवित्र अवसर पर श्री वाल्मीकि तीर्थ पहुंचकर भगवान वाल्मीकि महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। कैबिनेट मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने बताया कि श्री वाल्मीकि तीर्थ में 17 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीर्थ स्थल पर सरोवर की सीढ़ियों की पेंटिंग सहित अन्य विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा श्री वाल्मीकि तीर्थ के सर्वांगीण विकास और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 26 अक्टूबर, 2026 को भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के अवसर पर श्री वाल्मीकि तीर्थ में बड़े स्तर पर धार्मिक समागम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर एडवाइजरी बोर्ड के चेयरमैन बाल योगी बाबा प्रगट नाथ जी ने सरोवर की कार सेवा में सहयोग कर रही समस्त संगत का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रकट दिवस के अवसर पर भगवान वाल्मीकि महाराज जी का उत्सव पूरी श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा और इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत के पहुंचने की संभावना है। इस अवसर पर बाला मलकीत नाथ जी, बाबा गिरधारी नाथ जी, बाबा सेवक नाथ जी, जनरल मैनेजर, भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल, पंजाब खादी बोर्ड के चेयरमैन स. पवन हंस, स. पवन द्रविड़, डॉ. कितू ग्रेवाल, एक्सईएन स. दिलबाग सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित थीं।

बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए भरोसेमंद नाम बन रहा : डा. गुरप्रीत

डेली आवाज भारती



बटाला: (अमनदीप संधू) बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में ष्ठह्व Gurpreet's Pediacity बटाला और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक भरोसेमंद नाम के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अस्पताल में बच्चों की बेहतर स्वास्थ्य देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं के साथ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अस्पताल के निदेशक Dr. Gurpreet Singh, MD Pediatrics के नेतृत्व में बच्चों के लिए विशेषज्ञ उपचार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल में नवजात एवं गंभीर रूप से बीमार बच्चों की देखभाल के लिए NICU और PICU की सुविधा के अलावा Daycare और Vaccination सेवाएं भी उपलब्ध हैं। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में 24म7 Pharmacy, Laboratory और X-Ray की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसके अलावा Dr. Rupinder Kaur, MS ENT Specialist द्वारा कान, नाक और गले से संबंधित मरीजों के लिए विशेषज्ञ ENT सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। अस्पताल का OPD समय सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक और शाम 4ः30 बजे से 7ः00 बजे तक है। रविवार को OPD का समय सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक है।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार बच्चों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह और बेहतर उपचार उपलब्ध करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकता है। पताः Dr. Gurpreet's Pediacity, Opp. Randhawa Palace,

पी.ओ. स्टाफ अमृतसर ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया



डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल): पी.ओ. स्टाफ अमृतसर ने फरार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई एएसआई हरीश कुमार, इंचार्ज पी.ओ. स्टाफ अमृतसर के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ सनी पुत्र अवतार सिंह, निवासी बाबा फरीद नगर, गांव घन्नूपुर काले, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना छेहरटा, अमृतसर में केस नंबर 60 तारीख 07-03-2019, क्राइम 379, 411 IPC दर्ज किया गया है। आरोपी को माननीय कोर्ट श्री सिमरनजीत कौर, JMIC, अमृतसर द्वारा 06-11-2025 को फरार घोषित किया गया था। पी.ओ. स्टाफ अमृतसर की चल रही कार्रवाई के तहत, ऊपर बताए गए आरोपी को 31 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय कोर्ट में पेश करेगी।

गांव सेखवां में रहस्यमयी परिस्थियों में प्रवासी मजदूर अपने साथी की हत्या करके फरार

पुलिस ने मृतक प्रवासी मजदूर के शव को कब्जे में लेकर मामले की गहनता से शुरु की जांच

- पूर्व सरपंच के बयान पर पुलिस ने अज्ञात प्रवासी पर दर्ज किया मामला, कैमरें में कैद हुई है दोषी की गतिविधियां : डीएसपी

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विधान सभा क्षेत्र जीरा के गांव सेखवां में बीती रात एक प्रवासी मजदूर की तरफ से अपने ही साथी की सिर पर किसी चीज से वार करके बेरहमी से हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मालूम हो कि इस घटना के पश्चात दोषी प्रवासी मृतक के शव को घसीट कर बाहर खेतों में लेकर आया और वहां पर उसे नंगन हालात में फैंकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार फरार हुए प्रवासी मजदूर की गतिविधियां कैमरें में कैद हुई है, जिसके अधार पर पुलिस अगामी जांच कर रही है और दोषी को पकडने के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस को दिए बयान में गांव सेखवां के पूर्व सरपंच गुरप्रेम सिंह बब्बू पुत्र अजैब सिंह वाला ने बताया कि कुछ दिन पहले बिहार निवासी दो प्रवासी राजू एवं रवि उसके पास खेतों में काम करने के लिए आए थे और वह उनकी गांव कालियां वाली रोड पर बने खेतों के मकान में रुकए हुए थे। उन्होंने बताया कि बीती रात उक्त दोनों प्रवासियों में खाना खाते समय किसी बात को लेकर विवाह हुआ और उक्त विवाद के पश्चात रवि नामक प्रवासी ने अपने साथी राजू के सिर पर किसी चीज से वार करके उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद दोषी रवि मृतक राजू के शव को घसींट कर उसके भाई चमकौर सिंह की जमीन पर ले गया और वहां उसे नंगन अवस्था में फैंककर मौके से फरार हो गया। यहां बताने योगय है कि इस घटना की सूचना मिलने पर थाना जीरा सदर के एसएचओ गुरप्रीत सिंह व डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों ने मामले संबंधी बातचीत करते हुए बताया कि फरार हुए दोषी की गतिविधियां कैमरे में कैद हुई है, जिसके अधार पर पुलिस जांच कर रही है और उसके साथियों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस दोषी प्रवासी मजदूर का जो नंबर चल रहा था उसे भी ट्रेस कर रही है, तांकि उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। डीएसपी ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने शिकायतकर्ता पूर्व सरपंच गुरप्रेम सिंह बब्बू के बयान पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु करदी है।

92.70 ग्राम हैरोइन के साथ पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 92.70 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर, सिटी फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना मल्लांवाला के एसआई बलविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शमशानघाट के नजदीक से विक्की पुत्र सतपाल वासी वार्ड नंबर 8 मल्लांवाला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 ग्राम हैरोइन, थाना सिटी फिोरजपुर की एस.आई रजनी रानी ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान अमर उर्फ कंबी पुत्र भोला, निशा पत्नी अमर उर्फ कंबी, राणी उर्फ माहणी पत्नी हंसराज वासी बस्ती शेखां वाली और सलीम उर्फ सलीमी पुत्र छिंदा वासी बस्ती आवा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 ग्राम हैरोइन, थाना सदर फिरोजपुर के एएसआई सेवक सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दरान शक के अधार पर मलकीत सिंह पुत्र बलवीर सिंह वासी आह्मे वाला फिरोजपुर व बलजीत सिंह पुत्र लाभ सिंह वासी अलीके को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन, थाना आरफके के एस.आई दर्शन सिंहने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव अक्कू वाला बांध के नजदीक से शेरा सिंह पुत्र बाबा वजीर सिंह वासी फरीदे वाला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.42 ग्राम हैरोईन, थाना कुलगड़ी के इंस्पैक्टर गुरमीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दरौान दाना मंडी फिरोजपुर छावनी के नजदीक से स्वर्ण सिंह पुत्र मुस्ताक सिंह, नच्छतर पुत्र दिवान चंद वासी गांव झोक हरिहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.2 ग्राम हैरोइन, इसी थाने के एएसआई बलजीत संह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गुरजंट सिंह उर्फ जोहणा पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गांव बुकण खां वाला व तनसीर सिंह उर्फ गैवी पुत्र सुखचैन सिंह वासी गांव हस्ती वाला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45.15 ग्राम हैरोइन और थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान आरएसडी कालेज के नजदीक से दोषी बलविन्द्र सिंह उर्फ किंदू पुत्र सुबा सिंह वासी बैक साईड आर.एस.डी कालेज वार्ड नंबर 5 गली नंबर 3 गोल बाग फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.11 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

व्यक्ति के घर पर फायरिंग करने, ईट-पत्थर चलाने और धमकियां देने का मामला

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा की पुलिस ने बीते दिन बस्ती माछीयां में एक व्यक्ति के घर के बाहर पिस्टल से फायरिंग करने, ईट्टें व पत्थर चलाने और मारने की धमकियां देने वाले करीब 10 लोगों के खिलाफ पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा के हवलदार मनबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता जशनदीप सिंह पुत्र चमकौर सिंह वासी बस्ती माछीयां ने ने बताया कि सुखप्रीत सिंह उर्फ बुढा पुत्र शीरा सिंह, अशोक कुमार पुत्र चन्ना सिंह, गगनदीप सिंह पुत्र अशोक कुमार, जसप्रीत कौर पत्नी अशोक कुमार, जसप्रीत कौर पत्नी अशोक कुमार, करन उर्फ डीका पुत्र माना, फौजी पुत्र लक्ष्मण सिंह, शिवा पुत्र विक्की, सन्नी बुढा पुत्र वीर चंद, रमन पोचा बिल्ला वासी बस्ती माछीयां, गौरव पुत्र अशोक कुमार वासी समाधी मुहल्ला जीरा आदि ने बीती 31 अगस्त 2026 को उसके घर के बाहर पिस्टल से चार हवाई फायर किए और इसके साथ ही दोषियों ने उसके घर पर ईट्टें व पत्थर चलाए। जिसके बाद दोषी उसे मारने की धमकियां देते हुए फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे मनबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में दोषियों पर मामला दर्ज करके मौके से 4 खोल रौंद बरामद कर जांच शुरु कर दी है।

पुलिस ने 4.80 ग्राम हैरोइन के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान एक दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर बलदेव सिंह उर्फ देबु पुत्र परमजीत सिंह व कुलवंत कौर उर्फ कंतो पत्नी परमजीत सिंह वासी गांव छांगा राए उताड़ को दाना मंडी के गेट नंबर 2 के नजदीक से गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4.80 ग्राम हैरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में बलदेव व कुलवंत कौर पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

page 4_Layout 1 02-09-2026 17:11 Page 1

त्रिशला सिटी की सड़क को लेकर एमसी और सोसाइटी आमने-सामने, अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम तो मचा हंगामा

- सड़क कार्रवाई के दौरान तीखी बहस और हाथापाई के आरोप

डेली आवाज भारती



जीरकपुर,भार्गव गोयल।जीरकपुर की त्रिशला सिटी में मुख्य सड़क और प्रवेश मार्ग को लेकर नगर परिषद, प्रशासनिक टीम, एयरफोर्स से जुड़े अधिकारियों और सोसाइटी प्रबंधन के बीच विवाद अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। बुधवार को सड़क पर अतिक्रमण हटाने और कार्रवाई के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मौके पर हंगामा शुरू हो गया और तीखी बहस के बाद हाथापाई के आरोप भी सामने आए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस टीम को मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा। प्रशासनिक टीम की ओर से कहा गया कि मिलिट्री/प्रशासनिक रोड पर किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए रूटीन एन्क्रोचमेंट ड्राइव चलाई जा रही थी। अधिकारियों के मुताबिक कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने सरकारी कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया तथा सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने का प्रयास किया। प्रशासनिक पक्ष की ओर से इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत देने और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा एफआईआर दर्ज करने की मांग किए जाने की बात सामने आई है। दूसरी ओर त्रिशला सिटी सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे हजारों परिवारों की रोजमर्रा की आवाजाही से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया है। सोसाइटी प्रतिनिधियों का आरोप है कि मुख्य प्रवेश द्वार और सड़क को बार-बार खोदा जाता है तथा कई मौकों पर बिना पूर्व लिखित नोटिस के सड़क पर कार्रवाई की जाती है।

सोसाइटी का कहना है कि करीब हर 15 दिन या महीने में इस तरह की स्थिति बनने से यहां रहने वाले हजारों परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि सड़क को लेकर स्थायी समाधान निकालने के बजाय बार-बार कार्रवाई से समस्या और गंभीर होती जा रही है। सोसाइटी प्रतिनिधियों ने दावा किया कि प्रोजेक्ट से संबंधित आवश्यक मंजूरियां और एनओसी एडीसी, नगर परिषद तथा संबंधित विभागों से प्राप्त हैं। उनका कहना है कि सोसाइटी की ओर से किसी नए अवैध निर्माण, टावर या फ्लैट का निर्माण नहीं किया गया है और जिस प्रवेश मार्ग को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, उसका इस्तेमाल वर्षों से होता आ रहा है। सोसाइटी ने प्रशासनिक टीम द्वारा लगाए गए हाथापाई और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपों को भी खारिज किया है। विवाद के दौरान सड़क पर लोगों की भीड़ जमा होने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ और कुछ समय के लिए जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलने के बाद पंजाब पुलिस के अधिकारी लाभ सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को शांत करवाया। मौके पर आर्मी क्षेत्र से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस ने दोनों पक्षों से उनकी शिकायतें, संबंधित दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात लेने की बात कही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच दस्तावेजों और तथ्यों के आधार पर की जाएगी और जांच के बाद ही कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

ड्रग्स के खिलाफ जंग: पुलिस ने सुबह-सुबह अमृतसर सब-डिवीजन सेंट्रल के अलग-अलग इलाकों में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया

डेली आवाज भारती



अमृतसर (सलोनी नेहा गिल)ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे कैंपेन 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' के तहत, अमृतसर के पुलिस कमिश्नर, IPS, श्री हरमनबीर सिंह गिल के निर्देश पर, कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर ने आज सुबह-सुबह सब-डिवीजन सेंट्रल के अलग-अलग सेंसिटिव इलाकों में बड़ा चेकिंग और सर्च ऑपरेशन चलाया। इस खास चेकिंग ऑपरेशन के दौरान, श्री रविंदर पाल सिंह संधू, DCP लॉ एंड ऑर्डर, अमृतसर की लीडरशिप में, श्री योगेश्वर सिंह ADCP सिटी वन, अमृतसर, श्री सुरिंदर सिंह, छक्का सेंट्रल, अमृतसर और पुलिस स्टेशन के चीफ ऑफिसर की अलग-अलग टीमें और कमांडो स्क्वॉड समेत करीब 150 पुलिसवाले तैनात थे। पुलिस टीमों ने इलाके को घेर लिया और संदिग्धों से अच्छी तरह पूछताछ की।

चेकिंग के दौरान, मोटरसाइकिल और दूसरी गाड़ियों के डॉक्यूमेंट्स और ओनरशिप की खास तौर पर जांच की गई और प्रोफेशनल लोगों के घरों की तलाशी ली गई। इस मौके पर DCP लॉ एंड ऑर्डर, श्री रविंदर पाल सिंह ने खुद इलाके का दौरा करके चेकिंग कैंपेन का रिव्यू किया और लोकल लोगों से बात करके इलाके के हालात के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर लोगों ने कहा कि पुलिस की लगातार कार्रवाई और सतर्कता की वजह से इलाके में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि ड्रग्स को खत्म करने के लिए पुलिस किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी। पुलिस ने ड्रग तस्करों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई सिर्फ पुलिस की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने इलाके के लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास ड्रग्स की बिक्री या सप्लाई से जुड़ी कोई भी जानकारी तुरंत पुलिस के साथ शेयर करें।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आम लोगों की पहचान गुप्त रखते हुए उनकी दी गई हर जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नरेट पुलिस, अमृतसर ने साफ किया कि ड्रग्स के खिलाफ यह कैंपेन जारी रहेगा और ड्रग डीलरों, सप्लायरों और उनके नेटवर्क को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

सांसद मलविंदर सिंह कंग ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान की समीक्षा की; प्रवर्तन, उपचार और पुनर्वास के लिए समन्वित कार्रवाई पर जोर

- नशे की समस्या पर काबू पाने के लिए वीडीसी और डब्ल्यूडीसी समिति सदस्यों द्वारा दिए गए इनपुट पर सक्रियता से कार्रवाई करने के निर्देश

डेली आवाज भारती



मोहाली, भार्गव गोयल: श्री आनंदपुर साहिब से सांसद मलविंदर सिंह कंग ने बुधवार को पंजाब सरकार के 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान संबंधी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता मोहाली स्थित जिला प्रशासनिक परिसर में की और सभी संबंधित विभागों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ प्रवर्तन, उपचार, पुनर्वास और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से समन्वित कार्रवाई को और मजबूत करने के निर्देश दिए। अभियान की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए सांसद ने ग्रामीण रक्षा समितियों (वीडीसी) और वार्ड रक्षा समितियों (डब्ल्यूडीसी) से जुड़े अधिकारियों को नशे की समस्या पर जमीनी स्तर पर काबू पाने के लिए समिति सदस्यों द्वारा दिए गए संदर्भों और इनपुट पर तुरंत तथा उचित कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को नशा तस्करों और पेडलरों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिए, जबकि स्वास्थ्य विभाग को नशामुक्ति उपचार की मांग करने वाले व्यक्तियों के लिए उचित ओपीडी और आईपीडी उपचार सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। उपचार के बाद पुनर्वास के महत्व पर जोर देते हुए कंग ने जिला प्रशासन को नशा छोड़ चुके और पुनर्वास प्राप्त कर रहे युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए उपयुक्त रास्ते तलाशने के निर्देश दिए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल होकर उत्पादक जीवन व्यतीत कर सकें। कंग ने सेक्टर-66, एस.ए.एस. नगर स्थित 100 बिस्तरों वाले सरकारी नशामुक्ति केंद्र द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र वर्तमान में अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहा है और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से प्रभावित व्यक्तियों को नशामुक्ति एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर रहा है। कंग ने उपायुक्त कोमल मित्तल को डेराबस्सी उपमंडल में नशामुक्ति उपचार और पुनर्वास सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं तलाशने के लिए भी कहा, ताकि जिले के सभी हिस्सों में उपचार सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। बैठक के दौरान बोलते हुए डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अभियान से समुदायों में जागरूकता बढ़ी है और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से प्रभावित व्यक्ति उपचार के लिए नशामुक्ति एवं ओओएटी केंद्रों तक पहुंचने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान ने नशा तस्करों में डर पैदा किया है। हालांकि, उन्होंने प्रवर्तन उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए डेराबस्सी उपमंडल में एक समर्पित नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की भी वकालत की।

ड्राइंग प्रतियोगिता में डी.ए.वी. स्कूल की दिव्या ने मारी बाजी

बठिंडा, विद्यार्थियों में छिपी कला प्रतिभा को निखारने और उन्हें रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से शार्प ब्रेन्स एजुकेशन बठिंडा की ओर से ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लेते हुए अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शार्प ब्रेन्स सेंटर इंचार्ज नीलम गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता और कलात्मक हुनर का बखूबी प्रदर्शन करते हुए बेहद सुंदर एवं आकर्षक चित्र बनाए। विभिन्न विषयों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आर.बी.डी.ए.वी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बठिंडा की छात्रा दिव्या पुत्री दीपक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सेंट जेवियर स्कूल, बठिंडा की छात्रा तनवी पुत्री राजीव कुमार ने दूसरा स्थान, जबकि सिल्वर ओक्स स्कूल, बठिंडा की छात्रा काव्या शर्मा पुत्री उमेश शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

पुलिस ने मोटरसाईकिल व मोबाईल चोरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों से 9 मोबाईल, 2 बिना नंबरी मोटरसाईकिल व 1 एक्टीवा स्कूटरी बरामद, मामला दर्ज

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी फिरोजपुर की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर छापेमारी करके लोगों से मोबाईल व वाहन चोरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चोरी के मोबाईल फोन, बिना नंबरी मोटरसाईकिल और एक्टीवा स्कूटरी बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए दोषियों पर चोरी की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी के एएसआई अयूब मसीह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग केद रैरान सूचना मिली थी कि दोषी दीपक उर्फ दीपू पुत्र महिन्द्र सिंह वासी गली नंबर 1, परमजीत उर्फ गोबिंदा पुत्र प्यारा लाल गली नंबर 3 व सुमीत उर्फ रोहित पुत्र जोगिन्द्र गल नंबर 2 वासी हीरा नगर फिरोजपुर शहर लोगों से मोबाईल व मोटरसाईकिल छीनने के आदि है और आज भी वह चोरी के मोबाईल, मोटरसाईकिल लेकर उन्हें बेचने के लिए रेलवे स्टेशन से आगे एफसीआई के गौदाम के पास खड़े है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके उन्हे गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9 मोबाईल फोन, 2 मोटरसाईकिल बिना नंबरी और 1 एक्टीवा स्कूटरी बरामद की है। मामले की जांच कर रहे अयूब मसीह ने बताया कि पुलिस ने दोषी दीपक, परमजीत व सुमित पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

खोसा दल सिंह में कैंटर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मल्लांवाला की पुलिस ने खोसा दल सिंह के नजदीक बीते दिन कैंटर की चपेट में आने मारे गए व्यक्ति के मामलें में अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मृतक के साथी के बयान पर विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में नगिन्द्र सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी खोसा दल सिंह ने बताया कि करीब तीन माह पहले सुदेश माहतो पुत्र दिनारा माहतो वासी लखनपुर हसन गंज जिला कठियार स्टेट बिहार वह सभी सीरी लगे हुए थे और बीती रात करीब 8.40 बजे दाना मंडी खोसा दल सिंह में बैठे थे और सुदेश माहतो तलवंडी खोसा दल सिंह रोड पर नजदीक टैक्सी स्टैंड पहुंचा तो मैन रोड पर एक अज्ञात कैंटर चालक ने उसे लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे सुदेश माहतो की कैंटर के नीचे कुचले जाने से मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे दर्शन सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात कैंटर चालक पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 7 ग्राम हैरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित 3 को गिरफ्तार किया

- गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत दर्ज किए मामलें

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा, सदर जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए डीएसपी जीरा जसपाल सिंह ढिल्लों ने बताया कि बीते दिन थाना सदर के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बहक पछाड़ीयां हाईवे के नजदीक से सर्बजीत सिंह उर्फ सन्नी पुत्र सोहन सिंह वासी गांव बहक गुजरां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन एवं थाना सिटी जीरा के इंस्पैक्टर जसविन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक से हैरोइन का नशा करते हुए गुरदेव सिंह उर्फ बेला पुत्र सुच्चा सिंह वासी मल्होके रोड टिब्बा बस्ती जीरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 हैरोइन लगी सिल्वर पन्नी, 1 लाईटर व 10 रुपए का नोट बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के हवलदार लवप्रीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी कुतबपुरा मक्खू से मौड़ा पुत्र राजू वासी वार्ड नंबर 10 भट्ठीयां वाली बस्ती मक्खू को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामलें दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

स्वीफ्ट कार एवं स्कॉपियों गाड़ी की टक्कर में जख्मी हुई महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन स्वीफ्ट कार एवं स्कॉपियो गाड़ी के बीच हुई टक्कर में जख्मी हुई महिला की मौत हो जाने के बाद शिकायतकर्ता के बयान पर अज्ञात स्कॉपियों गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई राम सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में

- पुलिस ने पीड़ित के बयान पर अज्ञात स्कॉपियों गाड़ी चालक के खिलाफ दर्ज किया मामला

शिकायतकर्ता अजैब सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी गांव जौड़ा सिंह वाला तहसील जिला तरनतारन ने बताया कि वह बीते दिन अपनी रिश्तेदारी मोगा से समेत अपनी बहन सिमरनजीत कौर पत्नी जगदीश सिंह वासी जौड़ा सिंह वाला, सुखराज सिंह पुत्र दारा सिंह वासी जौड़ कार स्वीफ्ट नंबर पीबी-04एएफ-7523 रंग पर आ रहा था तो एक स्कॉपियो गाड़ी नंबर पीबी-29एजी-1151 के अज्ञात ड्राईवर ने उसे टक्कर मार दी। जिससे पीड़ित व उसके रिश्तेदारों को चोटे लगी। पीड़ित ने बताया कि उक्त घटना में जख्मी हुई उसकी बहन सिमरनजीत कौर की उपचार के दौरान मौत हो गई है। मामले की जांच कर रहे राम सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात स्कॉपियों गाड़ी सवार पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

अगस्त माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान 24,434 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते पकड़े गए : अधिकारी

वैध यात्रियों की सुविधा और अनधिकृत यात्रा की रोकथाम हेतु मंडल में टिकट जांच अभियान निरंतर जारी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनधिकृत/बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत् टिकट चेकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा अगस्त, 2026 के दौरान ट्रेनों में टिकट चेकिंग के दौरान कुल 24,434 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुर्माने के तौर पर 2.17 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व वसूल किया गया। मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप, अगस्त माह में 166 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 69 हजार रूपये से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य वैध



यात्रियों को सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करना है। टिकट चेकिंग के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाता है कि अनधिकृत अथवा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण वैध यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

व्यक्ति से ट्रेक्टर और उसका ए.टी.एम ले जाकर वापिस ना करने का मामला

- पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने गांव पंजेके उताड़ निवासी व्यक्ति से उसका ट्रैक्टर व एटीएम ले जाने और वापिस ना करने वाले दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता व्यक्ति के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता शिंद्रपाल पुत्र माहला सिंह वासी गांव पंजेके उताड़ ने बताया कि दोषी सुलखम सिंह पुत्र फौजा सिंह व बब्बू पुत्र प्रेम सिंह वासी रुहेला हाजी ने पीड़ित के नाम पर एक ट्रैक्टर अर्जुन मैस.गुरु नानक ट्रैक्टर फरीदकोट रोड गुरुहरसहाय से 22 मई 2025 को 9 लाख रुपए में खरीद किया था और ट्रैक्टर की डाऊन पैमेंट 1 लाख 50 हजार रुपए ऐजेंसी को दिए थे और बाकी की कि राशी लोन पास होने पर देने थे। पीड़ित ने बताया कि ट्रैक्टर खरीदने के कुछ दिन बाद सुल्खन व बब्बू उसके घर आए और कहने लगे कि बैंक वालों ने ट्रैक्टर की लोन संबंधी फोटो करनी है और उसका एटीएम व बैंक खाते के चैक मंगवाए है। जिस पर उसने दोषियों पर विश्वास करके उन्हें एटीएम और ट्रैक्टर दे दिया और दोषियों ने उसके एटीएम से 15 हजार रुपए निकलवाए और उसका ट्रैक्टर वापिस नहीं करके खुर्दबुर्द कर दिया। मामले की जांच कर रहे बलदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सुल्खन व बब्बू पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

भवानीगढ़ में 1.11 करोड़ रुपये की लागत से ढाई किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य की विधायक नरिंदर कौर भराज ने की शुरुआत

शमशान घाट रोड से काकड़ा रोड होते हुए डंप तक बनेगी सड़क, शहरवासियों को मिलेगी बड़ी राहत

डेली आवाज भारती



भवानीगढ़। पंजाब सरकार द्वारा राज्य में मजबूत और बेहतर सड़क ढांचा उपलब्ध करवाने के लिए सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण का काम लगातार जोर-शोर से चल रहा है। इसी के तहत आज विधानसभा हलका संगरूर की विधायक नरिंदर कौर भराज ने भवानीगढ़ में 1.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत करवाई। इस मौके पर विधायक नरिंदर कौर भराज ने बताया कि यह सड़क शमशान घाट रोड से काकड़ा रोड होते हुए डंप तक बनाई जाएगी। इस सड़क के निर्माण से भवानीगढ़ शहर और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़कों का मजबूत नेटवर्क न केवल यातायात को सुचारू बनाता है, बल्कि क्षेत्र के व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी गति देता है। विधायक ने कहा कि इस सड़क के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरा करवाया जाएगा, ताकि लोगों को लंबे समय तक इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय नेता और शहरवासी मौजूद रहे।

घर की बगीची बनेगी परिवार की सेहत का आधार: डॉ. गर्ग

डेली आवाज भारती



अपने घर में उगाई गई सब्जी केवल ताजगी ही नहीं देती, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत करती है।÷ यह विचार पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के पी.ए.यू.-फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, संगरूर के प्रभारी और वरिष्ठ प्रसार वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने गांव घनौर कलां में किसानों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित इस विशेष प्रसार गतिविधि के दौरान घरेलू बगीची में सर्दी ऋतु की सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 30 प्रदर्शनियां स्थापित की गईं। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से किसानों को सब्जियों का चयन, बुवाई के उचित समय, खादों के उचित उपयोग, सिंचाई और बगीची की देखभाल संबंधी व्यावहारिक एवं वैज्ञानिक जानकारी दी गई। इसके साथ-साथ धान में संतुलित पोषक तत्वों के प्रबंधन और खोखले दानों को कम करने के लिए पोटाशियम नाइट्रेट के उपयोग के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया। डॉ. गर्ग ने कहा कि आज के समय में घरेलू बगीची का महत्व और भी बढ़ गया है। घर के आसपास थोड़ी-सी जगह का सही उपयोग करके परिवार की रोजमर्रा की जरूरत के अनुसार कई प्रकार की ताजी सब्जियां आसानी से पैदा की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि घरेलू बगीची के माध्यम से परिवार को लगातार ताजी, साफ-सुथरी और पौष्टिक सब्जियां मिल सकती हैं तथा बाजार से सब्जियां खरीदने पर होने वाले खर्च में भी कमी आ सकती है। खेतों में ट्यूबवेलों के नजदीक या अन्य उपयुक्त स्थानों पर भी घरेलू जरूरत के अनुसार सब्जियों की खेती की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सितंबर महीना सर्दी ऋतु की कई महत्वपूर्ण सब्जियों की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। ब्रोकली, मटर, मूली, गाजर, शलजम और विभिन्न पत्तेदार सब्जियों की समय पर बुवाई करने से अच्छी पैदावार के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि बुवाई के लिए अनुशंसित किस्मों का चयन, उचित बुवाई समय और स्वस्थ बीज का उपयोग सब्जियों की सफल खेती के मुख्य आधार हैं। इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरता के अनुसार खादों का उपयोग और पानी की आवश्यकता के अनुसार सिंचाई करने से संसाधनों की बचत के साथ बेहतर उत्पादन हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि धान में खोखले दानों को कम करने और दानों के भराव को सुधारने के लिए गोभ अवस्था पर 1.5 प्रतिशत पोटाशियम नाइट्रेट (13-0-45) का पत्तियों पर छिड़काव करने की सिफारिश है। इसके लिए 3 किलो पोटाशियम नाइट्रेट को 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़काव किया जा सकता है।

CMYK

page 5_Layout 1 02-09-2026 18:20 Page 1

पंजाब सरकार द्वारा बी.सी. प्रमाणपत्रों संबंधी अस्पष्टता दूर करने के लिए चलाई जाएगी राज्य स्तरीय मुहिम

हर योग्य लाभार्थी को मिलेगा उसका हक: डॉ. बलजीत कौर

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,राहुल गोयल : पंजाब की सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आज घोषणा की कि बैकवर्ड क्लास (बी.सी.) प्रमाणपत्रों संबंधी फैले भ्रम को दूर करने और हर योग्य व्यक्ति को उसका बनता हक सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर पर विशेष जागरूकता और सुविधा मुहिम शुरू की जाएगी। आज यहां पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि कई स्थानों पर नियमों की गलत व्याख्या के कारण योग्य आवेदकों



को बी.सी. प्रमाणपत्र जारी करवाने में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार बी.सी. प्रमाणपत्रों संबंधी नियमों को पूरे राज्य में एकसमान, पारदर्शी और सुचारु ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. बलजीत कौर ने स्पष्ट किया कि बी.सी. प्रमाणपत्र के लिए पात्रता का निर्धारण केवल आवेदक के माता-पिता की स्थिति के आधार पर किया जाता है। जीवनसाथी की नौकरी, आय या सामाजिक स्थिति का इससे कोई संबंध नहीं है। इसी प्रकार चाचा, ताया या किसी अन्य रिश्तेदार की स्थिति को भी पात्रता तय करने का आधार नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने बताया कि संवैधानिक पदों पर तैनात व्यक्तियों, निर्धारित श्रेणियों के क्लास-एक और क्लास-दो अधिकारियों, कुछ पेशेवरों तथा निर्धारित संपत्ति या क्रीमी लेयर की शर्तों में आने वाले परिवारों के बच्चे बी.सी. श्रेणी के लाभों के हकदार नहीं होते। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्लास-तीन और क्लास-चार कर्मचारियों के मामलों में केवल वार्षिक आय के आधार पर क्रीमी लेयर लागू करके बी.सी. प्रमाणपत्र से इनकार करना नियमों के विपरीत है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी व्यक्ति के माता-पिता या परिवार में पहले कभी बी.सी. प्रमाणपत्र नहीं बना, तो इस आधार पर नया आवेदन रद्द नहीं किया जा सकता। नियमों के अनुसार योग्य हर व्यक्ति पहली बार भी बी.सी. प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर सकता है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि नियमों का एकसमान पालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नरों के साथ बैठकें की जाएंगी।

75 वर्षों से लंबित सड़क निर्माण का रास्ता साफ

रायपुर रानी और मोरनी के जनप्रतिनिधियों ने विधायक शक्तिरानी शर्मा का जताया आभार

डेली आवाज भारती

कालका/सुनील दत्त : चंडीगढ़ आवास पर कालका की लोकप्रिय विधायक शक्तिरानी शर्मा से मुलाकात कर रायपुर रानी और मोरनी के जनप्रतिनिधियों ने गोबिंदपुरा से ठाठर तक सड़क निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति मिलने पर उनका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले करीब 75 वर्षों से यह रास्ता सड़क के रूप में विकसित नहीं हो पाया था और भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण सड़क निर्माण का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा था। विधायक शक्तिरानी शर्मा जी द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए लगातार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप अब भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा



कि यह महत्वपूर्ण कार्य विधायक शक्तिरानी शर्मा के प्रयासों से ही संभव हुआ है, जिसके लिए क्षेत्रवासी उनका आभार व्यक्त करते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा गोबिंदपुरा से ठाठर तक लगभग 5.1 किलोमीटर लंबी एवं 24 फीट चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए 3.77 हेक्टेयर वन भूमि लोक निर्माण विभाग (क्क्ष्ठ्ठ-क्रक्र) को सार्वजनिक हित में निःशुल्क हस्तांतरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। गोबिंदपुरा से ठाठर तक बनने वाली इस सड़क से बीड़, माधोवाला, धर्मपुर, गोबिंदपुर और ठाठर सहित आसपास के गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सड़क बनने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और इन गांवों का आपसी सड़क संपर्क भी मजबूत होगा।

इस अवसर पर विधायक शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि मोरनी और आसपास के क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कालका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क एवं मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना उनका संकल्प है। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाता रहेगा, ताकि कालका विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति को और तेज किया जा सके।

6 सितंबर को समूह बीएलओ अपने पोलिंग बूथों पर रहेंगे मौजूद

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): भारत चुनाव कमिशन व मुख्य चुनाव अफसर पंजाब की तरफ से चलाई गई स्पैशल इनसैटिव रविजीन मुहिम तहत सभी योगय नागरिकों की रजिस्ट्रेशन के उद्देश्य से एक विशेष कैंप में 6 सितंबर 2026 दिन रविवार को जिला फिरोजपुर के समूह बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे और वोटरों को जरुरी हिदायतें प्रदान करेंगे, यह जानकारी जिला चुनाव अधिकारी श्रीमति दीपशिखा शर्मा ने देते हुए कहा कि जलि फिरोजपुर के सूह चुनाव हलकों में बीएलओ की तरफ से 6 सितंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक स्पैशल कैंप के तहत अपने-अपने पोलिंग बूथों पर मौजूद रहकर नौजवान वोटरों की अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन की जाऐगी और रजिस्ट्रेशन संबंधी ओर काम भी किए जाऐंगे। इस संबंध में आम जनता को अपील की जाती है कि बीएलओ को अधिक से अधिक सहयोग दिया जाए।

खेल वतन पंजाब दीयां-2026 सीजन-4 के तहत जिला फिरोजपुर में ब्लॉक स्तरीय खेल 7 सितंबर से

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा 'खेल वतन पंजाब दीयां-2026' सीजन-4 के तहत जिला प्रशासन फिरोजपुर के सहयोग से जिला फिरोजपुर के विभिन्न ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय खेल शुरू करवाई जा रही हैं। इन खेलों का आगाज़ 7 सितंबर 2026 से होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्णा पाल राजपूत ने बताया कि 7 सितंबर से ब्लॉक स्तरीय खेलों के दौरान एथलेटिक्स, वॉलीबॉल (स्मैशिंग), वॉलीबॉल (शूटिंग) खेलों में 14, 17, 21, 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 और 70 वर्ष से ऊपर के पुरुष/महिलाओं के वर्गों में मुकाबले करवाए जाएंगे। गेम खो-खो, फुटबॉल, कबड्डी (नेशनल) और कबड्डी (सर्कल) खेलों में अंडर 14, 17, 21, 21-30 और 31-40 लडे/लड़कियों के मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तरीय खेलों में से पोजीशन हासिल करने वाले खिलाड़ी जिला स्तरीय खेलों में भाग ले सकेंगे, जोकि 21 से 26 सितंबर तक



करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक फिरोजपुर के खेल मुकाबले 7 से 9 सितंबर 2026 तक खेल मैदान गांव दुलची के में करवाए जाएंगे और इसके ब्लॉक इंचार्ज श्रीमती अवतार कौर, कबड्डी कोच हैं और उनका संपर्क नंबर 98553-16990 है। ब्लॉक मम्मदोट के मुकाबले भी 7 से 9 सितंबर 2026 तक खेल मैदान गांव लक्खोके बहराम में करवाए जाएंगे, इसके ब्लॉक इंचार्ज रणजीत कंबोज कुश्ती कोच हैं और उनका संपर्क नंबर 75895-36023 है। ब्लॉक गुरुहरसहाय के मुकाबले 10 से 12 सितंबर 2026 तक श्री गुरु रामदास खेल स्टेडियम गुरुहरसहाय में करवाए जाएंगे, इसके ब्लॉक इंचार्ज मलकीत सिंह एथलेटिक्स कोच हैं और संपर्क नंबर 99159-75600 है। ब्लॉक जीरा के मुकाबले 10 से 12 सितंबर 2026 तक खेल मैदान गांव लोहके कलां में होंगे, इसके ब्लॉक इंचार्ज गुरजीत सिंह हैंडबॉल कोच हैं और संपर्क नंबर 99158-37373 है। इसी तरह ब्लॉक मक्खू के मुकाबले 14 से 16 सितंबर 2026 तक खेल मैदान गांव बूटे वाला में करवाए जाएंगे, इसके ब्लॉक इंचार्ज गगन माटा तैराकी कोच हैं और संपर्क नंबर 75084-46001 है। ब्लॉक घल्लखुर्द के मुकाबले 14 से 16 सितंबर 2026 तक खेल मैदान गांव चंदड़ में करवाए जाएंगे, इसके ब्लॉक इंचार्ज जगमीत सिंह हैंडबॉल कोच हैं और संपर्क नंबर 98773-00059 है। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेट स्तर की खेलों में 14 से 40 वर्ष तक की उम्र वाले पहली, दूसरी और तीसरी पोजीशन हासिल करने वाले खिलाडिों को क्रमश=10,000 रुपये, 7,000 रुपये और 5,000 रुपये की इनामी राशि भी दी जाएगी। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी स.गुरदीप सिंह ने जिले के खिलाडिों को अधिक से अधिक संख्या में इन खेलों में भाग लेने और खेल वतन पंजाब दीयां-2026 सीजन-4 को सफल बनाने की अपील की।

नाबालिग अवस्था में अवैध रूप से भारत आया पाकिस्तानी युवक स्वदेश भेजा गया

फरीदकोट। जून 2024 में बिना वैध पासपोर्ट के फरीदकोट-फिरोजपुर सीमा क्षेत्र से भारत में प्रवेश करने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पाकिस्तान वापस भेज दिया गया। वह भारत में प्रवेश के समय नाबालिग था। उसके स्वदेश लौटने की प्रक्रिया में जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी (डीएलएसए), फरीदकोट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों के तहत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

जानकारी के अनुसार, उक्त युवक ने फिरोजपुर सीमा के रास्ते भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। इसके बाद उसे जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, फिरोजपुर के समक्ष पेश किया गया। करीब एक साल बाद 2025 में उसके मामले का फैसला हुआ। हिरासत के दौरान उसकी उम्र 18 वर्ष हो गई, जिसके बाद उसे फरीदकोट स्थित ऑब्जर्वेशन होम के अलग सुरक्षित परिसर में रखा गया। कानूनी सजा और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ विदेश मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद डीएलएसए फरीदकोट के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय अग्निहोत्री ने उसकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

'आप' के पूर्व जालंधर नॉर्थ हलका इंचार्ज दिनेश ढल्ल भाजपा में शामिल

डेली आवाज भारती

जालंधर। आम आदमी पार्टी (आप) के जालंधर नॉर्थ हलका इंचार्ज पद से हटाए गए दिनेश ढल्ल ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ उनके एक दर्जन से अधिक समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। ढल्ल को भाजपा में शामिल कराने के दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल ढिल्लों, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक सरीन हिक्की, भाजपा महासचिव अनिल सरीन, पूर्व भाजपा विधायक केडी भंडारी और पूर्व विधायक शीतल अंगुराल समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे। दिनेश ढल्ल के साथ उनके चचेरे भाई और नगर निगम पार्षद अमित ढल्ल सहित कई समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बताया जा रहा है कि 29 जुलाई को आप की ओर से जालंधर नॉर्थ के हलका इंचार्ज पद से हटाए जाने के बाद से दिनेश ढल्ल पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। उनके स्थान पर जालंधर के मेयर वनीत धीर को




2022 में आप की टिकट पर लड़ा था चुनाव

दिनेश ढल्ल ने 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में जालंधर नॉर्थ सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। आप में शामिल होने से पहले ढल्ल कांग्रेस से जुड़े हुए थे। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत नगर निगम पार्षद के तौर पर की थी। कांग्रेस में रहते हुए उनके पूर्व मंत्री अवतार हेनरी के साथ राजनीतिक मतभेद भी चर्चा में रहे। ढल्ल ने 2012 में कांग्रेस से बगावत कर जालंधर नॉर्थ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। अब उनके भाजपा में शामिल होने को जालंधर नॉर्थ की राजनीति में अहम बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

हलका इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पद से हटाए जाने के फैसले से ढल्ल और उनके समर्थक कथित तौर पर असंतुष्ट थे। ढल्ल पिछले करीब साढ़े चार वर्षों के दौरान अपने हलके में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों को लगातार प्रमुखता से उठाते रहे थे।

रेलवे मंडल कार्यालय फिरोजपुर में हिन्दी कार्यशाला आयोजित



रेलवे मंडल कार्यालय फिरोजपुर में आयोजित हिन्दी कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): रेलवे मंडल कार्यालय फिरोजपुर के सभाकक्ष में राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्मिक शाखा की हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मंडल कार्यालय की कार्मिक शाखा में कार्यरत कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कृष्णपाल सिंह सहायक कार्मिक अधिकारी फिरोजपुर एवं सुनील वरिष्ठ अनुवादक ने व्याख्याता के रूप में कार्य किया। कार्यशाला में राजभाषा हिंदी संबंधित दिशानिर्देशों, संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी के साथ-साथ हिंदी को अपने सरकारी कामकाज का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा दैनिक सरकारी कामकाज हिंदी में करते समय आने वाली कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास किया गया।

मोगा पुलिस ने एक घंटे में ढूंढ निकाले बुजुर्ग के गुम हुए एक लाख रुपये

डेली आवाज भारती

मोगा। मोगा के गांव साफूवाला के रहने वाले बुजुर्ग जंग सिंह के रास्ते में गिरे एक लाख रुपये पुलिस ने करीब एक घंटे के भीतर बरामद कर उन्हें वापस सौंप दिए। जंग सिंह यह रकम अपने पुर्तगाल में रह रहे बेटे को भेजने के लिए लेकर आए थे। इसके लिए उन्होंने अपने सोने के गहने गिरवी रखकर पैसे जुटाए थे। डीएसपी सिटी जतिंदर सिंह गिल के अनुसार, जंग सिंह ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो में सफर कर रहे थे और इसी दौरान उनके पास रखे एक लाख रुपये कहीं गिर गए। शिकायत मिलने के बाद थाना सिटी पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। थाना



सिटी प्रभारी इंस्पेक्टर गुरविंदर सिंह भुल्लर के नेतृत्व में मुख्य मुंशी दिलराज सिंह और पुलिस टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। फुटेज की मदद से पुलिस ने उस ऑटो चालक का पता लगाया, जिसमें जंग सिंह ने सफर किया था। ऑटो चालक से पूछताछ में पता चला कि जंग सिंह के साथ सफर कर रही दो महिलाओं को उसने गांव चुप्पकीती में उतारा था। पुलिस टीम ने तुरंत गांव पहुंचकर दोनों महिलाओं से पूछताछ की। तलाशी के दौरान उनके पास से एक लाख रुपये बरामद हो गए। महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उन्हें यह रकम सड़क पर पड़ी मिली थी। उनका कहना था कि यदि कोई व्यक्ति पैसे की पहचान सही तरीके से बताकर उन्हें लेने आता, तो वे रकम वापस कर देतीं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद पूरी रकम जंग सिंह को सौंप दी। पैसे वापस मिलने पर बुजुर्ग ने पुलिस का धन्यवाद किया और मामले को सुलझाने वाली पुलिस टीम के कर्मचारियों को सम्मानित करने की मांग की।

लुधियाना में स्कूल की कक्षा में हेड टीचर की अचानक मौत

- बच्चों से बातचीत करते समय बिगड़ी तबीयत

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना के हैबोवाल खुर्द स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में बुधवार को स्कूल के हेड टीचर हरजीत ग्रेवाल (49) की कक्षा में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। वह रोजाना की तरह स्कूल में बच्चों की पढ़ाई का जायजा लेने के लिए कक्षाओं का निरीक्षण कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, सुबह स्कूल पहुंचने के बाद हरजीत ग्रेवाल ने प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया और दो कक्षाओं में पढ़ाया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय से जुड़े काम निपटाए। दोपहर करीब 12:40 बजे वह स्कूल की प्री-प्राइमरी कक्षा में पहुंचे। यहां बच्चों और अध्यापिका से बातचीत के दौरान उन्होंने अचानक सीने में दर्द की शिकायत की। कक्षा में मौजूद एक अध्यापक ने उन्हें पानी देने की कोशिश की। पानी का गिलास हाथ में लेते ही वह अचानक जमीन पर गिर गए। घटना के बाद स्कूल के अन्य शिक्षक तुरंत मौके पर पहुंचे। शिक्षकों ने उन्हें संभालने के साथ सीपीआर देने का प्रयास किया। इसके बाद उन्हें नजदीकी मोहल्ला क्लिनिक ले जाया गया और एंबुलेंस की मदद से डीएमसी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पटियाला के प्रतिष्ठित स्कूल में कई छात्र बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

- 5 बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने दिए जांच के आदेश

डेली आवाज भारती

पटियाला: पटियाला के एक प्रतिष्ठित स्कूल में मंगलवार को कई छात्रों के अचानक बीमार पड़ने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक तौर पर इसे फूड पॉइजनिंग का संभावित मामला माना जा रहा है। पांच बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ अन्य छात्रों को प्राथमिक उपचार दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने घटना का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारियों को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि छात्रों के बीमार पड़ने का वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुछ छात्र स्कूल परिसर से बाहर गए थे और संभवत- वहां से कुछ खाद्य पदार्थ खाए थे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि बाहर खाए गए भोजन के कारण ही छात्र बीमार हुए हैं। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

खाद्य पदार्थ तैयार करने में स्वच्छता पर जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली जगहों पर सख्त स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने भोजन तैयार करने और परोसने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, बर्तनों की साफ-सफाई तथा पूरे खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यदि जांच में किसी तरह की लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

कनाडा में सैलून चेन की फ्रेंचाइजी के नाम पर 4 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी, दो कनाडाई नागरिकों पर एफआईआर

चंडीगढ़: पंजाब पुलिस की NRI विंग ने कनाडा में एक भारतीय सैलून चेन के प्रस्तावित विस्तार में निवेश के नाम पर कथित तौर पर 4 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में दो कनाडाई नागरिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, मामले में सैलून चेन के संस्थापक और प्रमोटर मुनीश बजाज की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एफआईआर कमलप्रीत सिंह खेहरा और क्रिस्पी खेहरा उर्फ क्रिस गिल, दोनों कनाडाई नागरिकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और 61(2) के तहत दर्ज की गई है। यह कार्रवाई NRI विंग में दर्ज शिकायत के बाद प्रारंभिक जांच के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता इंदरजीत कौर बोपाराय कनाडा की नागरिक और भारतीय मूल की हैं। वह OCI कार्डधारक भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सैलून चेन के कनाडा में विस्तार को फ्रेंचाइजी अवसर के रूप में पेश कर निवेश के लिए प्रेरित किया गया और इस प्रक्रिया में उन्हें 4 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

अमृतसर में नशे के हॉटस्पॉट पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 11 संदिग्ध हिरासत में

डेली आवाज भारती

अमृतसर। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार सुबह नशे के लिए संवेदनशील इलाकों में बड़ी तलाशी मुहिम चलाई। इस दौरान करीब 11 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि कई वाहनों को कब्जे में लेकर उनकी जांच की गई। डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर रविंदर पाल सिंह संधू की निगरानी में करीब 150 पुलिसकर्मियों और कमांडो की कई टीमें इस अभियान में शामिल हुईं। एडीसीपी सिटी-1 योगेश्वर सिंह, एसीपी सेंट्रल सुरिंदर सिंह, संबंधित थानों के एसएचओ और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस टीमों ने अन्नगढ़, वाल्मीकि मोहल्ला, शेखा बाजार सहित आसपास के इलाकों को घेरकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। मोटरसाइकिलों और अन्य वाहनों की भी गहन जांच की गई तथा दस्तावेजों और वाहन मालिकाना हक का सत्यापन किया गया। पुलिस ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों की भी तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा बेचने वालों, सप्लायरों और नशे के नेटवर्क से जुड़े लोगों की पहचान करना था। डीसीपी रविंदर पाल सिंह संधू ने स्वयं विभिन्न इलाकों का दौरा कर अभियान की निगरानी की और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। इस दौरान कई लोगों ने पुलिस को बताया कि लगातार कार्रवाई और बढ़ी निगरानी से उनके इलाकों की स्थिति में सुधार हुआ है। डीसीपी ने कहा कि पुलिस नशा तस्करों और सप्लायरों पर लगातार दबाव बनाए रखेगी और शहर में नशे के कारोबार को दोबारा पैर पसारने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से नशे की बिक्री या सप्लाई संबंधी जानकारी पुलिस को देने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और विश्वसनीय सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए बढ़ाई आर्थिक शर्तें, नए छात्रों की संख्या भी सीमित

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/टोरंटो, कनाडा में पढ़ाई करने और भविष्य में बसने की योजना बना रहे पंजाबियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। कनाडा सरकार ने सितंबर से नए अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए आर्थिक जरूरतों को बढ़ा दिया है। इसके साथ ही देश में आने वाले नए अस्थायी निवासियों और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या भी सीमित कर दी गई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा (ढ्ढक्रष्ट्ठ) के अनुसार, क्यूबेक के बाहर पढ़ाई के लिए स्टडी परमिट आवेदन करने वाले छात्रों को अब अपने रहने के खर्च के लिए 23,448 कनाडाई डॉलर की राशि दिखानी होगी। पहले यह राशि 22,895 डॉलर थी। इसके अलावा छात्रों को अपनी ट्यूशन फीस और यात्रा खर्च के लिए भी पर्याप्त धनराशि का प्रमाण देना होगा। कनाडा के 2026-2028 इमिग्रेशन प्लान के तहत इस साल नए अस्थायी निवासियों की संख्या 3.85 लाख तक



सीमित रखी गई है। इनमें अधिकतम 1.55 लाख नए अंतरराष्ट्रीय छात्र शामिल हो सकते हैं। सरकार का लक्ष्य 2027 के अंत तक कनाडा की कुल आबादी में अस्थायी निवासियों की हिस्सेदारी 5 फीसदी से नीचे लाना है। वहीं, कनाडा में पहले से काम कर रहे लोगों के लिए कुछ अवसर बने हुए हैं। 1 सितंबर को Canadian E&perience Class (CEC) E&press Entry Draw में 2,000 उम्मीदवारों को स्थायी निवास के लिए आवेदन करने का निमंत्रण दिया गया। इसके लिए न्यूनतम 521 छ्रक्र अंक जरूरी थे। इसके अलावा कनाडा सरकार ने 2026 और 2027 में एक विशेष कार्यक्रम के तहत करीब 33,000 अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी निवास देने की योजना बनाई है। इसमें ऐसे लोग शामिल होंगे जो पहले से कनाडा में काम कर रहे हैं, टैक्स चुका रहे हैं और उन समुदायों में रह रहे हैं जहां कर्मचारियों की जरूरत है। नई नीतियों का सबसे ज्यादा असर उन पंजाबी परिवारों पर पड़ सकता है जो अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए कनाडा भेजने की तैयारी कर रहे हैं। अधिक आर्थिक प्रमाण, सीमित स्टडी परमिट और कम अस्थायी निवासियों की सीमा के कारण नए छात्रों के लिए अवसर पहले की तुलना में कम हो सकते हैं। हालांकि, कनाडा में पहले से काम कर रहे ऐसे लोगों के लिए स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है जिनका छ्रक्र स्कोर मजबूत है या जो विशेष स्थायी निवास कार्यक्रम की पात्रता पूरी करते हैं। वहीं, कम स्कोर वाले और समाप्त हो रहे परमिट वाले लोगों के सामने अनिश्चितता बनी रह सकती है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 02-09-2026 15:20 Page 1

ऑटोमोबाइल गैजेट्स

बिना कीमत बढ़ाए अपडेट हुई कावाशाखी निन्जा 500

नए मॉडल ईयर के साथ बुकिंग शुरू



कावासाकी इंडिया ने अपनी लोकप्रिय सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल निंजा 500 को मॉडल ईयर 2027 के लिए अपडेट कर दिया है। कंपनी ने नए मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 5.76 लाख रुपये रखी है, यानी पिछले मॉडल की तुलना में कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। MY2027 निंजा 500 को नए मॉडल ईयर ग्राफिक्स और कावासाकी के सिग्नेचर लाइम ग्रीन रंग के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने इसकी बुकिंग अधिकृत डीलरशिप पर शुरू कर दी है।

कंपनी ने नई निंजा 500 में किसी बड़े यांत्रिक या फीचर बदलाव की घोषणा नहीं की है। इसका मतलब है कि MY2027 मॉडल में वही इंजन, चेसिस, ब्रेकिंग सिस्टम और फीचर पैकेज मिलता है जो मौजूदा मॉडल में दिया जा रहा है। इस अपडेट का मुख्य आकर्षण नया मॉडल ईयर और इसके साथ मिलने वाला नया रंग तथा ग्राफिक्स हैं। 451 सीसी का दमदार इंजन कावाशाखी निन्जा 500 MY2027 में 451 सीसी, लिक्विड-कूल्ड, डीओएचसी पैरेलल-ट्विन पेट्रोल इंजन दिया गया है। यह इंजन 9,000 आरपीएम पर 45 पीएस की अधिकतम पावर और 6,000 आरपीएम पर 42.6 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है। इंजन को 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है और इसमें असिस्ट तथा स्लिपर क्लच मिलता है। कावासाकी ने इंजन को इस तरह ट्यून किया है कि कम और मध्यम आरपीएम पर भी मोटरसाइकिल आसानी से पावर उपलब्ध कराए। साथ ही ऊंचे आरपीएम पर भी इंजन का प्रदर्शन बरकरार रहता है। इससे शहर में रोजमर्रा की सवारी के साथ हाईवे और स्पोर्टी राइडिंग के दौरान भी बेहतर प्रदर्शन मिलने की उम्मीद है।

स्टील ट्रेलिस फ्रेम और डुअल-चैनल एबीएस

निंजा 500 में हाई-टेन्साइल-स्टील ट्रेलिस फ्रेम का इस्तेमाल किया गया है। इसमें इंजन स्ट्रेस्ड मेंबर के रूप में काम करता है। सस्पेंशन की जिम्मेदारी आगे 41 मिमी टेलीस्कोपिक फोर्क और पीछे मोनोशॉक संभालते हैं।

ब्रेकिंग के लिए आगे 310 मिमी डिस्क और पीछे डिस्क ब्रेक दिया गया है। इसके साथ डुअल-चैनल एबीएस मिलता है। मोटरसाइकिल में 17-इंच के एलॉय व्हील दिए गए हैं, जिन पर आगे 110/70 और पीछे 150/60 आकार के टायर लगे हैं।

निंजा 500 की सीट की ऊंचाई 785 मिमी है, जबकि ग्राउंड क्लीयरेंस 145 मिमी है। इसका कर्ब वेट 176 किलोग्राम है और इसमें 14 लीटर का फ्यूल टैंक मिलता है। इसकी राइडिंग पोजिशन को पूरी तरह आक्रामक सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल की तुलना में अपेक्षाकृत आरामदायक रखा गया है।

फीचर्स में नहीं किया गया बदलाव

MY2027 निंजा 500 के फीचर पैकेज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें ट्विन एलईडी हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप और एलसीडी इंस्ट्रूमेंट कंसोल मिलता है। मोटरसाइकिल में कावासाकी का राइडोलॉजी ऐप सपोर्ट भी दिया गया है, जिसके जरिए स्मार्टफोन कनेक्टिविटी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा कॉल और नोटिफिकेशन अलर्ट, राइडिंग लॉग, वाहन संबंधी जानकारी और इकोनॉमिकल राइडिंग इंडिकेटर जैसे फीचर्स मिलते हैं। असिस्ट और स्लिपर क्लच तथा डुअल-चैनल एबीएस भी इसके प्रमुख उपकरणों में शामिल हैं।

निन्जा 500 SE में ज्यादा फीचर्स

भारत में कावासाकी फिलहाल स्टैंडर्ड निंजा 500 ही उपलब्ध कराती है। हालांकि कुछ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसका निंजा 500 स्श्व संस्करण भी मिलता है। स्श्व मॉडल में कलर टीएफटी डिस्प्ले और कावासाकी का KIPASS कीलेस सिस्टम जैसे अतिरिक्त फीचर्स दिए जाते हैं। भारत में उपलब्ध MY2027 निंजा 500 के इंजन, चेसिस, ब्रेकिंग हार्डवेयर, आयाम और फीचर्स मौजूदा MY2026 मॉडल के समान हैं। इसलिए इसे बड़े तकनीकी बदलाव के बजाय नए मॉडल ईयर अपडेट के रूप में देखा जा सकता है।

कीमत और मुकाबला

कावाशाखी निन्जा 500 MY2027 की एक्स-शोरूम कीमत 5.76 लाख रुपये रखी गई है। इससे पहले जून 2026 में पेश किए गए MY2026 मॉडल की कीमत पिछले मॉडल की तुलना में 10,000 रुपये अधिक थी और उसमें E20 ईंधन अनुकूलता जैसे अपडेट शामिल किए गए थे। नए MY2027 मॉडल में कंपनी ने कीमत बढ़ाए बिना इसे बाजार में उतारा है। भारतीय बाजार में निंजा 500 का मुकाबला अप्रिलिया आरएस 457, यामाहा आर3, केटीएम आरसी 390 और कावासाकी निंजा 300 जैसी फुली-फेयर्ड मोटरसाइकिलों से होता है। अपने 451 सीसी इंजन, 45 पीएस की पावर और स्पोर्टी डिजाइन के कारण निंजा 500 इस श्रेणी में एक महत्वपूर्ण विकल्प बनी हुई है। कंपनी ने MY2027 निंजा 500 की बुकिंग अधिकृत डीलरशिप पर शुरू कर दी है। नई मोटरसाइकिल में बड़े तकनीकी बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन बिना कीमत बढ़ाए नए मॉडल ईयर ग्राफिक्स और लाइम ग्रीन रंग के साथ इसे बाजार में उतारना उन ग्राहकों के लिए आकर्षक हो सकता है जो निंजा 500 खरीदने की योजना बना रहे हैं।

एप्पल के नए सीईए जॉन टर्नस को मिलेगा 58 मिलियन डॉलर का पैकेज, टिम कुक की सैलरी घटी

नई दिल्ली। टेक कंपनी एप्पल में नेतृत्व बदलने के साथ ही नए सीईओ के सैलरी पैकेज का भी खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एप्पल के नए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर जॉन टर्नस को वित्त वर्ष 2027 में करीब 58 मिलियन डॉलर का पैकेज मिलेगा, जबकि निवर्तमान सीईओ टिम कुक को एग्जीक्यूटिव चेयरमैन के तौर पर करीब 47 मिलियन डॉलर मिलेंगे। कंपनी ने मंगलवार को यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन में फाइलिंग कर यह जानकारी दी। मंगलवार ही टर्नस के सीईओ के तौर पर कार्यकाल का पहला दिन था। फाइलिंग के मुताबिक वित्त वर्ष 2027 में जॉन टर्नस को 3 मिलियन डॉलर की सालाना बेस सैलरी मिलेगी और 55 मिलियन डॉलर के टारगेट वैल्यू वाला स्टॉक अवॉर्ड दिया जाएगा।



इसके अलावा वित्त वर्ष 2026 के लिए, जो सितंबर में खत्म हो रहा है, उन्हें करीब 2.5 मिलियन डॉलर का प्रोरेटेड रिस्ट्रिक्टेड स्टॉक यूनिट अवॉर्ड भी मिलेगा। जॉन टर्नस के इक्विटी अवॉर्ड का 75 फीसदी हिस्सा एप्पल के परफॉर्मेंस से जुड़ा होगा, जिसे एस एंड पी 500 के मुकाबले मापा जाएगा। बाकी 25 फीसदी टाइम-बेस्ड स्टॉक यूनिट्स होंगी, जो हर छह महीने में वेस्ट होंगी। टिम कुक जब एग्जीक्यूटिव चेयरमैन की भूमिका में जाएंगे तो उनकी सालाना सैलरी 3 मिलियन डॉलर से घटकर 2 मिलियन डॉलर हो जाएगी। हालांकि 2027 के लिए उनका स्टॉक अवॉर्ड 45 मिलियन डॉलर का होगा, जिसमें आधा हिस्सा कंपनी के परफॉर्मेंस से जुड़ा होगा। बता दें कि 2025 में एप्पल सीईओ के तौर पर टिम कुक का कुल पैकेज 74.3 मिलियन डॉलर था। दोनों अधिकारियों के स्टॉक अवॉर्ड की वैल्यू एप्पल के शेयर प्राइस के साथ घट-बढ़ सकती है। कंपनी ने फाइलिंग में कैश बोनस की जानकारी नहीं दी है, जो आमतौर पर सैलरी और परफॉर्मेंस पर आधारित होता है।

टिम कुक ने 15 साल तक सीईओ की जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान एप्पल ने नए प्रोडक्ट कैटेगरी में विस्तार किया और सालाना रेवेन्यू को करीब 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचा दिया। उनके कार्यकाल में कंपनी के शेयरों में 2,200 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई। जॉन टर्नस ने मंगलवार को सीईओ का पद संभाला है। इससे पहले वह एप्पल में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, हार्डवेयर इंजीनियरिंग के तौर पर काम कर रहे थे।

1 लाख रुपये से कम में एथर का नया ईनी स्कूटर लॉन्च, कई शानदार फीचर



एथर एनर्जी ने भारतीय बाजार में अपने नए परिवार-केंद्रित श्रृङ्ख स्कूटर एथर कोनार्क को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसकी शुरुआती कीमत 99,999 रुपये रखी है, जिससे यह एक लाख रुपये से कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों की श्रेणी में महत्वपूर्ण विकल्प बनकर सामने आया है। नए कोनार्क को एथर के नई पीढ़ी के ईएल मंच पर तैयार किया गया है। कंपनी इसे एस लाइन और जेड लाइन नाम से अलग-अलग संस्करणों में पेश करेगी। इसकी खासियतों में लंबी दूरी तय करने की क्षमता, नया बैटरी तंत्र, आधुनिक डिजाइन और रोजमर्रा के इस्तेमाल को आसान बनाने वाली तकनीकें शामिल हैं। कंपनी के अनुसार इसकी बिक्री की शुरुआत के बाद ग्राहकों तक इसकी डिलीवरी 21 सितंबर से शुरू की जाएगी। तीन कीमतों में उपलब्ध होगा कोनार्क एस एथर कोनार्क एस के शुरुआती संस्करण की कीमत 99,999 रुपये रखी गई है और इसमें एक बार पूरी तरह चार्ज करने पर 100 किलोमीटर तक की आईडीसी दूरी तय करने का दावा किया गया है। इसके बाद 125 किलोमीटर की आईडीसी दूरी वाला संस्करण 1,21,999 रुपये और 161 किलोमीटर की दूरी वाला संस्करण 1,44,999 रुपये में आएगा।

कंपनी ने फिलहाल 200 किलोमीटर की आईडीसी दूरी वाले सबसे लंबी दूरी के संस्करण की कीमत का खुलासा नहीं किया है। इसे बाद में बाजार में उतारे जाने की उम्मीद है। दूसरी ओर कोनार्क जेड श्रृंखला को 125 किलोमीटर और 161 किलोमीटर की दूरी वाले संस्करणों में पेश किया जाएगा, लेकिन इनकी कीमत और बिक्री की तारीख की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

एप्पल 9 सितंबर को नया आईफोन 18 प्रो और फोल्डेबल आईफोन करेगा लॉन्च

अमेरिकी टेक्नोलॉजी दिग्गज कंपनी एप्पल का वार्षिक इवेंट 9 सितंबर को होने जा रहा है। इसका आयोजन कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो स्थित कंपनी के स्टीव जॉब्स थिएटर में होगा, जहां एप्पल आईफोन 18 प्रो और अपने पहले फोल्डेबल आईफोन मॉडल को लॉन्च करेगी। यह आने वाले नए सीईओ जॉन टर्नस के तहत पहला बड़ा प्रोडक्ट लॉन्च होगा। टर्नस 1 सितंबर को एप्पल के सीईओ का पद संभालेंगे और टिम कुक का स्थान लेंगे। इस इवेंट में कंपनी द्वारा नए आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, रिपोर्टों के अनुसार दोनों मॉडल बड़े डिजाइन बदलाव के बजाय मौजूदा मॉडल की तुलना में अपेक्षाकृत छोटे अपग्रेड के साथ आ सकते हैं।

रिपोर्टों के मुताबिक, एप्पल इस साल स्टैंडर्ड आईफोन 18 लॉन्च नहीं करेगा। स्टैंडर्ड आईफोन 18, आईफोन 18ई और आईफोन एयर 2 को 2027 की पहली छमाही में पेश किए जाने की उम्मीद है। एप्पल के फोल्डेबल डिवाइस का नाम ऋआईफोन अल्ट्राऋ हो सकता है। इसमें किताब की तरह खुलने वाला फोल्डेबल डिजाइन होने की संभावना है। डिवाइस में करीब 7.8 इंच का इंटरनल डिस्प्ले और लगभग 5.5 इंच की बाहरी स्क्रीन हो सकती है। फोन की अंदरूनी स्क्रीन में अंडर-डिस्प्ले कैमरा और बाहरी डिस्प्ले में पंच-होल कैमरा दिया जा सकता है। शुरुआती कीमत के अनुमान बताते हैं कि यह डिवाइस एप्पल के मौजूदा लाइनअप से काफी महंगा होगा। कुछ रिपोर्टों में इसकी शुरुआती कीमत करीब 2,000 डॉलर बताई गई है। रिपोर्टों के अनुसार, फोल्डेबल आईफोन के पीछे डुअल-कैमरा सेटअप दिया जा सकता है, जिसमें मुख्य और अल्ट्रा-वाइड-एंगल कैमरा शामिल होंगे। इसके अलावा, एप्पल द्वारा आईफोन में टचआईडी को वापस लाए जाने की भी संभावना है। सितंबर के इवेंट में आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स लॉन्च किए जाने की संभावना है। इन डिवाइस में नए ए20 प्रो चिप का इस्तेमाल हो सकता है, जो 2एनएम मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस पर आधारित होगा। इसके साथ एप्पल का सी2 मॉडेम भी दिया जा सकता है। कैमरे में भी बड़े अपग्रेड की उम्मीद है।आईफोन 18 प्रो मैक्स में वेरिएबल-अपर्चर मुख्य कैमरा दिए जाने की संभावना है। एप्पल कथित तौर पर अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी तकनीक पर भी काम कर रहा है। कंपनी सितंबर के इवेंट में अपनी स्मार्टवॉच लाइनअप को भी अपडेट कर सकती है। सितंबर में पेश किए जाने वाले नई पीढ़ी के एयरपॉड्स प्रो में कैमरे से लैस ईयरबड्स हो सकते हैं। ये एप्पल के विजुअल इंटेलिजेंस फीचर्स के साथ काम कर सकते हैं, जिससे सिस्टम आसपास की वस्तुओं और वातावरण को समझने में सक्षम होगा।



महिंद्रा थार-3 डूर फेसलिफ्ट

जल्द हो सकती है लॉन्च, जानिए लुक और कीमत



महिंद्रा थार-3 डूर फेसलिफ्ट के नए टेस्ट म्यूल में इस ऑफ-रोडर का बदला हुआ फ्रंट हिस्सा देखने को मिलता है। हालांकि, Thar-3 डोर को अक्टूबर 2025 में कुछ नए फीचर्स के साथ अपडेट किया गया था लेकिन यह आने वाली Facelift में ज्यादा बड़े बदलाव के साथ आ सकती है। उम्मीद है कि 2026 Thar 3-डोर फेसलिफ्ट आने वाले महीनों में लॉन्च होगी। Thar-3 डोर फेसलिफ्ट के पिछले टेस्ट म्यूल में एक नई ग्रिल की तरफ इशारा किया गया था जो Thar Ro&& की डबल-स्टैक्ड 6-स्लॉट ग्रिल के काफी मिलती-जुलती है। हालांकि, इस टेस्ट म्यूल में राइट और एक छोटे कट के साथ एक अलग 5-स्लॉट ग्रिल है। ऐसा लग सकता है कि Thar 3-डोर फेसलिफ्ट को अलग-अलग वर्जन या एडिशन में अलग-अलग ग्रिल के साथ बेचा जा सकता है। इसके अलावा, इस टेस्ट म्यूल पर नए 5-स्पोक अलॉय व्हील्स भी दिखाई दिए हैं। यह नई Thar 3-डोर फेसलिफ्ट आने वाले कुछ महीनों में लॉन्च हो सकती है। इसकी कीमत मौजूदा मॉडल से थोड़ी ज्यादा हो सकती है जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.32 लाख रुपए से 18 लाख रुपए के बीच है।

इंजन और पावरट्रेन

फेसलिफ्टेड Thar-3 डोर में मौजूदा मॉडल के ही इंजन मिलने की उम्मीद है जिसमें 119द्धश्च वाला 1.5 लीटर डीजल, 132hp वाला 2.2 लीटर डीजल और 152hp वाला 2.0 लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन शामिल हैं। सभी इंजनों के साथ 6-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स स्टैंडर्ड तौर पर मिलता है जबकि 2.2 लीटर डीजल और 2.0 लीटर टर्बो-पेट्रोल में 6-स्पीड टॉर्क कंवर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प भी मिलता है। 4×4 सिस्टम इन दोनों बड़े इंजनों के साथ आता है जबकि 1.5 लीटर डीजल सिर्फ 4×2 में ही मिलता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें मौजूदा हाइड्रोलिक सेटअप की जगह एक नया इलेक्ट्रिक पावर स्टीयरिंग सिस्टम भी दिए जाने की उम्मीद है।

page 7_Layout 1 02-09-2026 19:23 Page 1

नेतन्याहू का दावा: गाजा में घर के पास से पकड़ा गया हमास का टॉप लीडर, आतंकी हमलों का है मास्टरमाइंड

डेली आवाज भारती

इजरायल। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की तारीफ करते हुए दावा किया कि जवानों ने हमास के आंतरिक सुरक्षा तंत्र के प्रमुख को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि मेरा निर्देश स्पष्ट है कि हम हमास के सभी नेताओं और 7 अक्टूबर के नरसंहार में शामिल हर व्यक्ति का पीछा करते रहेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, मैं 'शिन बेट' (इजरायली सुरक्षा एजेंसी) और इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) की सराहना करता हूं, जिन्होंने एक साहसिक अभियान में गाजा में उसके घर के पास हमास के आंतरिक सुरक्षा तंत्र के प्रमुख को गिरफ्तार किया।' नेतन्याहू ने बताया कि वह हमास के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक है। वह हमारे बंधकों को छिपाने और एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने, हमास के वरिष्ठ नेताओं को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने तथा संगठन की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने और फिर से मजबूत करने की कोशिशों के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने कहा कि हाल के समय में वह गाजा में हमास के



शासन को फिर से स्थापित करने के प्रयासों में शामिल था। वह गाजा पट्टी के निरस्त्रीकरण को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने की कोशिशों में भी सक्रिय था। इसके अलावा, उसने हमारी सेना और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों को अंजाम देने में भी मदद की। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने बताया कि मेरा निर्देश बिल्कुल स्पष्ट है, इजरायल हमास के सभी नेताओं और सात अक्टूबर के नरसंहार में शामिल हर व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। बीते दो सप्ताह पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज गाजा पट्टी से इजरायल की ओर भेजे जा रहे ड्रोन, गुब्बारों और पतंगों से पैदा हुए सुरक्षा खतरे पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर चुके हैं। बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में इजरायल ने हमास को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गाजा से ड्रोन, गुब्बारों और पतंगों के जरिए हमले तुरंत नहीं रुके, तो आईडीएफ इन हमलों के जिम्मेदार लोगों पर लक्षित हमले और तेज करेगी। सख्त कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने उस समय इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) को किसी भी गुब्बारे या पतंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने साफ किया कि गाजा से आने वाले किसी भी गुब्बारे या पतंग को ड्रोन ही माना जाएगा, फिर चाहे उसमें विस्फोट हो या न हो।

भारतीय जीवन बीमा निगम के गौरवपूर्ण 70 वर्ष पूर्ण होने पर बीमा सप्ताह मनाया

डेली आवाज भारती

भारतीय जीवन बीमा निगम - एलआईसी ने अपनी स्थापना के उपलब्धियों भरे और गौरवपूर्ण 70 वर्ष पूर्ण होने पर बीमा सप्ताह मना रहा है । इस सुअवसर पर लुधियाना मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्री भँवर लाल सुथार ने बताया कि एलआईसी के इस शानदार और यादगार सफ़र में पॉलिसीधारकों का विशेष योगदान रहा है । इसका मुख्य कारण है कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना से लेकर अब तक अपने बहुमूल्य पॉलिसीधारकों को बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान कर रहा है यही कारण है कि एलआईसी की पहचान उसके बहुमूल्य पॉलिसीधारकों का विश्वास है । बीमा सप्ताह को उद्देश्यपूर्ण तरीक़े से मनाते हुए आज दुगरी स्थित मंडल कार्यालय में कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में बच्चों को निम्नलिखित टॉपिक दिए गए ।

1. एलआईसी संबंधी
2. नशीली दवाएँ सेहत के लिए नुक़सानदायक
3. पर्यावरण संबंधी

बच्चों ने अपनी चित्रकला का बहुत ही खूबसूरती से प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले हर बच्चे को पुरस्कृत किया गया । अपने संदेश में उन्होंने लुधियाना निवासियों का आह्वान किया कि अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए एलआईसी की पॉलिसी ज़रूर करवाएँ ।

हरियाणा में कांग्रेस के शासनकाल के हालात किसी से छिपे नहीं : चतुर्भुज अत्री

डेली आवाज भारती

जींद। भाजपा विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एचकेआरन एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाती है। कांग्रेस के शासनकाल में कैसी स्थिति थी, यह बात किसी से छिपी नहीं है। मैं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने एक ऐसा पारदर्शी प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां बिना किसी दिक्कत के लोगों को नौकरी मिल सके। पहले स्थिति ऐसी थी कि ठेकेदार कर्मचारियों के पीएफ का पैसे खा जाते थे। अगर किसी की सैलरी 15 हजार रुपये होती थी, तो उसके खाते में सिर्फ आठ हजार रुपये ही आते थे। कुल मिलाकर, ये लोग ठेकेदारी के पक्ष में हैं। हमारे मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का



बहुत-बहुत धन्यवाद , जिन्होंने एक ऐसी व्यवस्था तैयार की, जिससे लोगों को बिना किसी दिक्कत के नौकरी मिल सके। आज की तारीख में आपको हरियाणा के हर कोने में बिना पर्ची बिना खर्जी जैसे नारे सुनने को मिल जाएंगे। राज्य में लोगों को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार के दौरान जो हालात थे, उसे हमारी सरकार ने खत्म करने का काम किया। हमारी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिले। आज की तारीख में युवा वर्ग इनके झूठे और भ्रामक प्रचार में नहीं आने वाली है। आज तीसरी बार हमारी सरकार राज्य में बन पाई है। इसमें हमारे युवाओं का विशेष योगदान है, जिसके लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। अफसोस की बात है कि ये लोग युवाओं को गुमराह करने के लिए भ्रामक प्रचार करते हैं। मुझे यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि आज की तारीख में राज्य में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हाशिए पर जा चुकी है।

इसके अलावा, देवेंद्र चतुर्भुज ने भाजपा का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पार्टी का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहूंगा कि मुझे यह मौका मिला। आज इस मौके की वजह से मैं यहां तक पहुंच पाया है। अगर मैं आज विधायक बन पाया हूं, तो मुझे राज्य की 36 बिरादरी का विशेष योगदान है। मेरे पिता ने करीब 40 वर्षों तक यहां सेवा की थी। हम लोग 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले लोग हैं।

दिशा सालियान मौत मामला: बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई को सौंपी जांच, पिता का बयान दर्ज करने का आदेश

डेली आवाज भारती

मुंबई। दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत का मामला एक बार फिर चर्चा में है। करीब छह साल पुराने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब बड़ा फैसला सुनाते हुए जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही दिशा के पिता सतीश सालियान का बयान दर्ज करने को भी कहा गया है। दरअसल, दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी बेटी की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की थी। उनकी मांग थी कि मामले में एफआईआर दर्ज की जाए और जांच सीबीआई को सौंपी जाए।



उनका आरोप है कि दिशा की मौत सामान्य तरीके से नहीं हुई थी और मामले की पहले हुई जांच में कई सवालों का सही जवाब नहीं मिला। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अब सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया है। एडवोकेट नीलेश ओझा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, %%कोर्ट के आदेश के मुताबिक अब सीबीआई इस मामले में एफआईआर दर्ज करेगी और जांच आगे बढ़ाएगी। इसके लिए सीनियर अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। दिशा के पिता का बयान भी दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा पहले की जांच से जुड़े रिकॉर्ड भी सीबीआई को सौंपे जाएंगे, ताकि एजेंसी मामले की शुरुआत से जांच कर सके। उन्होंने आगे कहा, कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जिसके भी खिलाफ सबूत मिले, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, बिना सबूत के किसी भी व्यक्ति को आरोपी नहीं बनाया जाना चाहिए। अगर सीबीआई क्लोजर रिपोर्ट फाइल करती है, तो हमें आपत्ति करने और प्रोटेस्ट पिटीशन फाल करने का अधिकार होगा। हमें पूरा विश्वास है कि सच की जीत होगी।

वहीं दिशा के पिता सतीश सालियान ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ÷इस फैसले का मुझे 6 साल से इंतजार था। मैं अपनी बेटी को खो चुका हूं। मुझे विश्वास है सीबीआई गहराई से इस मामले में जांच करेगी। सीबीआई जांच के आदेश मिलने पर मैंने कोर्ट के जज को इसका शुक्रिया अदा भी किया।

पूरे मामले की बात करें तो दिशा सालियान की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक इमारत से गिरने के बाद हुई थी। उस समय दिशा की उम्र 28 साल थी। वह सेलिब्रिटी मैनेजर के तौर पर काम करती थीं और कुछ समय तक अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर भी रही थीं। दिशा की मौत के कुछ ही दिनों बाद, 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत भी मुंबई स्थित अपने घर में मृत पाए गए थे। दोनों घटनाओं के बीच कुछ ही दिनों का अंतर होने के कारण दिशा की मौत को लेकर भी कई तरह के सवाल उठने लगे थे।

दिशा की मौत के बाद मुंबई पुलिस ने शुरुआत में इसे एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट (एडीआर) के तौर पर दर्ज किया था। बाद की जांच में पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया। पुलिस की ओर से यह भी कहा गया कि जांच के दौरान किसी आपराधिक साजिश या किसी तरह के यौन हमले के सबूत नहीं मिले। मामले की जांच के लिए एसआईटी भी बनाई गई थी।

अभिषेक शर्मा और नमन धीर के धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद हारी अमृतसर सूरमास, बोर्ड पर लगाया 264 रनों का विशाल स्कोर

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। अमृतसर सूरमास ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए जालंधर वॉरियर्स के खिलाफ 20 ओवर में 264/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें कप्तान अभिषेक शर्मा और नमन धीर ने विस्फोटक पारियों से टीम को मजबूती दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सूरमास ने एस.डी.पी. धवन का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन कप्तान अभिषेक शर्मा ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए सिर्फ 36 गेंदों में 82 रनों की सनसनीखेज पारी खेली, जिसमें पांच चौके और सात छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक पारी ने बड़े स्कोर की नींव रखी। इसके बाद नमन धीर ने मोर्चा संभाला और 56 गेंदों पर 117 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। अपनी पारी में



उन्होंने सात चौके और दस छक्के जड़े और जालंधर के गेंदबाजी आक्रमण की जमकर खबर ली। धीर के शतक की बदौलत सूरमास 264/5 के मजबूत स्कोर तक पहुंच सकी। अंतिम ओवरों में जे.एस. सिद्धू ने भी तेज गति से 12 गेंदों पर 33 रन बनाकर टीम को और मजबूती दी, जिसमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल थे।

जालंधर वॉरियर्स ने अंततः 16.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें प्रभसिमरन सिंह ने 47 गेंदों पर नाबाद 125 रन बनाए। हार के बावजूद सूरमास के लिए विस्फोटक बल्लेबाजी प्रदर्शन एक बड़ा सकारात्मक पहलू रहा।

अभिषेक और नमन धीर का प्रदर्शन सबसे बड़ी खासियत रहा, जिसने सूरमास की बल्लेबाजी की ताकत और विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाने की क्षमता को उजागर किया।

अमृतसर सूरमास इस धमाकेदार बल्लेबाजी के आत्मविश्वास के साथ आज पीसीए आईएस बिंद्रा स्टेडियम, मोहाली में शेर-ए-पंजाब टी20 लीग के मैच 7 में फाजिल्का फाल्कन्स से भिड़ेगी।

नमन धीर एक बार फिर प्रमुख बल्लेबाज के रूप में सभी की निगाहों में रहेंगे, जबकि कप्तान अभिषेक शर्मा पिछले मैच में 82 रनों की विस्फोटक पारी के बाद एक बार फिर टीम की अगुवाई करने को तैयार होंगे। सूरमास अपनी बल्लेबाजी की ताकत को ऑलराउंड प्रदर्शन में बदलकर फाजिल्का के खिलाफ अपने पहले अंक हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसने जालंधर के खिलाफ आठ विकेट से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

आरजीपीवी से राजीव गांधी का नाम हटाना भाजपा की ओछी मानसिकता का प्रतीक : कमलनाथ

डेली आवाज भारती

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को तीन हिस्सों में विभक्त किया गया है, साथ ही इन तीनों हिस्सों का क्षेत्रीय आधार पर नामकरण भी हो गया है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आपत्ति दर्ज कराई है और इसे भाजपा की ओछी मानसिकता करार दिया है। दरअसल बीते रोज हुई मोहन कैबिनेट की बैठक में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को लेकर बड़ा फैसला हुआ। विश्वविद्यालय का पुनर्गठन कर भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तीन नए प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। सरकार की ओर से दावा किया गया है कि यह उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय संतुलन और



गुणवत्ता विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सरकार के इस फैसले पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि मध्य प्रदेश के प्रतिष्ठित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) को तीन हिस्सों में बांटकर इसके नाम में से स्व. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटाना भाजपा सरकार की ओछी मानसिकता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि सारा संसार इस बात का गवाह है कि स्व राजीव गांधी के कार्यकाल में देश ने आधुनिक तकनीक की दुनिया में प्रवेश किया था। सूचना क्रांति और कंप्यूटर के युग का सूत्रपात भी राजीव गांधी ने किया था। भाजपा पर तल्ख टिप्पणी करते हुए पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि भाजपा खुद तो कोई नया काम कर नहीं पाती, बस कांग्रेस के जमाने के कार्यों की नाम पट्टिकाएं बदलने में लगी रहती है। उन्होंने भाजपा सरकार को नाकारा और शिक्षा विरोधी बताते हुए मांग की है कि विश्वविद्यालय से राजीव गांधी का नाम न हटाया जाए।

उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा है कि यह भी याद दिलाना चाहता हूं कि कल के बाद परसों आता है। अच्छे और बुरे हर काम का हिसाब होता है। हम भी हिसाब करेंगे। आप नाम बदलकर इतिहास नहीं बदल सकते।

मानेसर में विद्युत वाहनों के कलपुर्जों पर आयोजित विक्रेता विकास कार्यक्रम में भारतीय मानक ब्यूरो, हरियाणा शाखा कार्यालय की सहभागिता

डेली आवाज भारती

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), हरियाणा शाखा कार्यालय ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय (एमएसएमई-डीएफओ), करनाल द्वारा 1ङ्क2 सितंबर 2026 को आईसीएटी कन्वेंशन सेंटर-2, मानेसर, गुरुग्राम में आयोजित विद्युत वाहन कलपुर्जों पर विक्रेता विकास कार्यक्रम में सहभागिता की। दो दिवसीय कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, वाहन उद्योग तथा विद्युत वाहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्युत वाहन कलपुर्जा क्षेत्र से संबंधित व्यावसायिक अवसरों, तकनीकी आवश्यकताओं, सरकारी पहलों, परीक्षण, प्रमाणन तथा नियामक विषयों पर विचार-विमर्श एवं संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध हुआ। कार्यक्रम स्थल पर बीआईएस हरियाणा शाखा कार्यालय द्वारा बीआईएस फरीदाबाद शाखा कार्यालय के सहयोग से एक स्टॉल स्थापित किया गया। स्टॉल को



उद्योग प्रतिनिधियों, हितधारकों तथा आगंतुकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। आगंतुकों के लाभ के लिए विद्युत वाहनों से संबंधित प्रासंगिक भारतीय मानक, शोध प्रकाशन एवं अध्ययन सामग्री, जिसमें भारत का राष्ट्रीय विद्युत संहिता भी शामिल है, स्टॉल पर प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त, बीआईएस का प्रकाशन ÷विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना एवं मानक ः एक अवलोकन÷ भी प्रदर्शित किया गया, जिससे विद्युत वाहन चार्जिंग अवसंरचना से संबंधित मानकों एवं सुरक्षा आवश्यकताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिली।

विभिन्न उद्योगों एवं संगठनों के प्रतिनिधियों ने बीआईएस स्टॉल का दौरा किया तथा बीआईएस अधिकारियों के साथ संवाद कर अपने उत्पादों एवं कार्यों पर लागू मानकों, प्रमाणन एवं अनुपालन आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। श्री संजीव चावला, अपर विकास आयुक्त, एमएसएमई-डीएफओ, करनाल ने भी अपने सहयोगियों एवं सहकर्मियों के साथ बीआईएस स्टॉल का दौरा किया। इस दौरान विशेष रूप से उभरते विद्युत वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धात्मकता तथा बाजार में स्वीकार्यता को मजबूत करने में मानकों एवं अनुरूपता मूल्यांकन की भूमिका पर चर्चा की गई। 1 सितंबर 2026 को बीआईएस हरियाणा शाखा कार्यालय ने विद्युत वाहनों के लिए मानक एवं गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों में नवीनतम विकास÷ विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र में सहभागिता की। सत्र का प्रस्तुतीकरण श्री सौरभ चंद्र, वैज्ञानिक-डी, बीआईएस द्वारा किया गया। सत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा अन्य हितधारकों को विद्युत वाहन क्षेत्र से संबंधित उत्पादों के लिए लागू भारतीय मानकों, अनिवार्य प्रमाणन आवश्यकताओं तथा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों से संबंधित नवीनतम विकास के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को विद्युत वाहन कलपुर्जों एवं संबंधित उत्पादों पर लागू मानकों तथा प्रमाणन आवश्यकताओं के संबंध में अपने प्रश्नों एवं शंकाओं के समाधान का अवसर भी प्राप्त हुआ।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बहन से मिले केरलम के मुख्यमंत्री वीडी सतीश

डेली आवाज भारती

कहा- स्टार फुटबॉलर तक हमार प्यार पहुंचाएंगी

तिरुवनंतपुरम। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर और दुनिया में अपने खेल की वजह से लोकप्रियता के सारे रिकॉर्ड तोड़ने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बहन एल्मा एवेइरो केरलम के दौरे पर थीं। अपने दौरे के दौरान एवेइरो ने राज्य के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन से मुलाकात की। सतीशन ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मुलाकात की जानकारी दी है। सीएम वीडी सतीशन ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें वह एल्मा एवेइरो से बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। सतीशन ने लिखा, ÷क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बहन, एल्मा एवेइरो, जब वे केरलम आई थीं, उनसे अच्छी बातचीत हुई। उनके साथ मलयाली लोगों का फुटबॉल और क्रिस्टियानो के लिए बहुत ज्यादा जुनून और प्यार साझा



किया। उन्होंने प्यार से वादा किया कि वे केरलम के फुटबॉल फैंस की शुभकामनाएं और प्यार रोनाल्डो तक पहुंचाएंगी।÷ रिपोर्ट के मुताबिक एल्मा एवेइरो केरल के कोझिकोड में एक ज्वेलरी शोरूम %स्पार्कल डायमंड फेस्ट% के उद्घाटन के लिए पहुंची हैं। उनके आने से पूरे राज्य में रोनाल्डो के फैंस और फुटबॉल फॉलोअर्स के बीच उत्साह है। एवेइरो की इस यात्रा के दौरान उनके लिए खास इंतजाम किया गया है।

53 साल की एल्मा एवेइरो, रोनाल्डो के बेहद करीब हैं। रोनाल्डो सोशल मीडिया पर अपनी बहन के साथ तस्वीरें साझा करते रहते हैं। इसलिए, फुटबॉल फैंस और रोनाल्डो फैंस के बीच एवेइरो का नाम अनजाना नहीं है।

केरलम भारत का एक ऐसा राज्य है, जहां फुटबॉल के प्रति दिवागनी देखने को मिलती है। राज्य में रोनाल्डो को लेकर हर वर्ग के फुटबॉल फैंस के बीच दिवानगी है।

बात रोनाल्डो की करें, तो फीफा विश्व कप 2026 में उनकी कप्तानी वाली पुर्तगाल का सफर निराशाजनक रहा था। टीम राउंड-16 से आगे नहीं बढ़ सकी थी। इसी के साथ रोनाल्डो को पुर्तगाल को विश्व कप जिताने का सपना भी टूट गया था। रोनाल्डो ने घोषणा की है कि आगामी फुटबॉल सीजन उनके करियर का आखिरी सीजन का हो सकता है।

CMYK

page 8_Layout 1 02-09-2026 21:23 Page 1

समाजसेवी जतिंदर जिमी बर्नाला का विशेष सम्मान

- श्री गीता भवन कमेटी सहिणा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित, धार्मिक कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

डेली आवाज भारती



सहिणा (बरनाला)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री गीता भवन कमेटी, सहिणा की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध समाजसेवी जतिंदर जिमी बर्नाला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें सम्मान प्रदान करते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उनके कार्यों की सराहना की। कमेटी की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ 29 अगस्त 2026 से हुआ। इस दौरान श्री गीता भवन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कथा वाचन सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक वातावरण का आनंद लिया। सम्मान समारोह के दौरान कमेटी के सदस्यों ने कहा कि समाज के लिए सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने से अन्य लोगों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा मिलती है। इसी उद्देश्य से जतिंदर जिमी बर्नाला को उनके सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री गीता भवन कमेटी सहिणा के पदाधिकारी केशव सिंगला, गग्गी जी सहित कमेटी के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। कमेटी की ओर से क्षेत्रवासियों से धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सहयोग करने की अपील की गई। उल्लेखनीय है कि श्री गीता भवन कमेटी की ओर से समय-समय पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें क्षेत्र के लोगों की भागीदारी रहती है।

सांसद मीत हेयर ने चिंटू पार्क में 45 लाख रुपये की लागत वाले ट्यूबवेल का उद्घाटन किया

पानी की कमी होगी दूर, 5 वार्डों के निवासियों को मिलेगी सुविधा

डेली आवाज भारती



बरनाला। लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आज यहां चिंटू पार्क में 45 लाख रुपये की लागत से तैयार नए ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि चिंटू पार्क के आसपास के इलाकों में पानी की काफी कमी रहती थी और इस इलाके की यह लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इसी को ध्यान में रखते हुए नया ट्यूबवेल लगाया गया है। इससे वार्ड नंबर 29, 30, 39, 40 और 41 के निवासियों को पानी की सुविधा मिलेगी और पीने वाले पानी की कमी की बड़ी समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले अलग-अलग इलाकों में 4 अन्य ट्यूबवेल लगाए जा चुके हैं और करीब 5 नए ट्यूबवेलों के एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर में जहां नए ट्यूबवेल लगाए जा रहे हैं, वहीं चरणबद्ध तरीके से पाइपलाइन भी बदली जा रही है। करीब 80 किलोमीटर सीवरेज पाइपलाइन बदली जा रही है और कई जगहों पर पहली बार सीवरेज सिस्टम डाला जा रहा है, जिससे इलाके के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मेयर हसन भारद्वाज ने कहा कि शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम कार्यालय में सहायता केंद्र बनाया गया है। शहर में सफाई अभियान जोर-शोर से चल रहा है। आज चिंटू पार्क में सफाई की गई है और इससे पहले कचहरी चौक क्षेत्र, 22 एकड़, सदर बाजार आदि स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि बरनाला निवासियों के घरों के सामने स्कैनर लगाए जाएंगे और सभी सेवाओं को ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बरनाला निवासियों से अपील की कि वे बरनाला को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करें और सीवरेज में प्लास्टिक के लिफाफे आदि न फेंकें, ताकि सीवरेज ब्लॉक होने की समस्या न आए। इस अवसर पर चेयरमैन नगर सुधार ट्रस्ट श्री राम तीरथ मन्ना, चेयरमैन मार्केट कमेटी बरनाला जसविंदर सिंह संघेड़ा, हलका इंचार्ज हरिंदर धालीवाल और विभिन्न वार्डों के पार्षद मौजूद थे।

विशेष गहन पुनरीक्षण: जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 6 सितंबर को लगाए जाएंगे विशेष कैंप : जिला चुनाव अधिकारी हरप्रीत सिंह

डेली आवाज भारती



बीएलओ द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के साथ मतदाताओं को दी जाएगी आवश्यक जानकारी

बरनाला। पंजाब राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 6 सितंबर 2026 को जिला बरनाला के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जानकारी देते हुए जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह ने बताया कि इन कैंपों के दौरान संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे और योग्य नागरिकों से मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करवाने, संशोधन करवाने, नाम कटवाने या अन्य त्रुटियों से संबंधित दावे और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उन्होंने जिले के सभी योग्य नागरिकों से अपील की कि वे 6 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदाता सूची में अपना नाम और दर्ज विवरण की जांच अवश्य करें। यदि किसी योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है या नाम, पता, आयु आदि से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना दावा या आपत्ति बीएलओ के पास दर्ज करवा सकता है। उन्होंने कहा कि पात्रता तिथि 01.10.2026 के आधार पर जिस नागरिक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है, वह अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाने के लिए फॉर्म नंबर 6 और वोटर कार्ड में दर्ज विवरण में सुधार करवाने के लिए फॉर्म नंबर 8 भरकर मतदान केंद्रों पर मौजूद बीएलओ को देना सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक योग्य नागरिक का मतदाता के रूप में पंजीकृत होना और मतदाता सूची में दर्ज जानकारी का सही होना बहुत महत्वपूर्ण है। विशेष कैंपों का उद्देश्य अधिक से अधिक योग्य नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और सूचियों को त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बीएलओ को भी निर्देश दिए कि वे निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से प्राप्त दावों और आपत्तियों को नियमों के अनुसार दर्ज करें तथा आवश्यक जानकारी और सहायता उपलब्ध करवाएं। जिला चुनाव अधिकारी ने पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं और अन्य योग्य व्यक्तियों से विशेष रूप से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं और 6 सितंबर के विशेष कैंपों में अधिक से अधिक भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

विधायक उगोके द्वारा गांव नानकपुरा पिंडी धौला में 'मॉडर्न सथ' का उद्घाटन

गांवों में साझा स्थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना सरकार की प्राथमिकता: लाभ सिंह उगोके

डेली आवाज भारती



बरनाला। विधानसभा क्षेत्र भदौड़ के गांव नानकपुरा पिंडी धौला में गांववासियों की सुविधा के लिए नवनिर्मित 'मॉडर्न सथ' का उद्घाटन विधायक लाभ सिंह उगोके द्वारा किया गया। इस अवसर पर गांववासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए इस पहल के लिए सरकार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक लाभ सिंह उगोके ने कहा कि गांवों में साझा स्थानों को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने का उद्देश्य लोगों को अपने गांव में ही सुविधाजनक और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि 'मॉडर्न सथ' गांववासियों के लिए आपसी विचार-विमर्श, सामाजिक गतिविधियों और सामूहिक कार्यक्रमों के लिए एक उचित स्थान साबित होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ लोगों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा 'रंगला पंजाब विकास योजना' के तहत विधानसभा क्षेत्र भदौड़ को 3 चरणों में 10 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं और 'मॉडर्न सथ' के लिए इस योजना के तहत करीब 5 लाख रुपये जारी किए गए थे। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए सरकार द्वारा फंड की कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। इस अवसर पर गांव के गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी और बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण ने स्कूल को 50 पौधे वितरित किए

डेली आवाज भारती



बरनाला। पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा देने और आम लोगों, विशेष रूप से विद्यार्थियों में पेड़ों के महत्व के संबंध में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला द्वारा मानसून सीजन के दौरान पौधरोपण अभियान (Tree Plantation Drive) चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत टंडन इंटरनेशनल स्कूल, बरनाला को 50 पौधे वितरित किए गए। ये पौधे श्री मदन लाल, सचिव, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला द्वारा वितरित किए गए। यह पूरा अभियान श्रीमती अंशुल बैरी, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बरनाला के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। श्री मदन लाल, सचिव, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के जिम्मेदार नागरिक हैं। जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला द्वारा इस अभियान का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण, पेड़ों की देखभाल और सतत विकास के प्रति जागरूकता पैदा करना है। प्राधिकरण द्वारा आने वाले समय में भी विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर ऐसी जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां जारी रखने के प्रयास किए जाएंगे। जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण, बरनाला द्वारा सभी नागरिकों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और ÷हरा-भरा एवं स्वच्छ बरनाला÷ बनाने में अपना योगदान देने की अपील की गई।

छात्रों और अभिभावकों के लिए जरूरी खबर, पंजाब के बठिंडा, मानसा और बरनाला में स्कूलों में रहेगी छुट्टी



डेली आवाज भारती

पंजाब के बठिंडा, मानसा और बरनाला के छात्रों और अभिभावकों के लिए जरूरी खबर है। 3 सितंबर, वीरवार को सभी निजी स्कूल बंद रहेंगे। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स एंड एसोसिएशंस ऑफ पंजाब (FAP) ने एक दिन का अवकाश घोषित किया है। यानी इन तीनों जिलों में 3 सितंबर को निजी स्कूलों में नियमित कक्षाएं नहीं लगेंगी। दरअसल, पंजाब के स्कूल बस और वैन ऑपरेटरों की ओर से 3 सितंबर को बठिंडा में राज्य स्तरीय महापंचायत आयोजित की जा रही है। इस महापंचायत में पंजाब के अलग-अलग जिलों से बड़ी संख्या में स्कूल बस और वैन ऑपरेटरों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने में परेशानी हो सकती है। इसी संभावित स्थिति को देखते हुए एक दिन की छुट्टी रखने का फैसला किया गया है। FAP अध्यक्ष के मुताबिक, पंजाब सरकार की ओर से स्कूल बसों और वैन को लेकर लागू किए गए नए नियमों के कारण ऑपरेटरों में नाराजगी है। इन्हीं मुद्दों पर चर्चा करने और आगे की रणनीति तय करने के लिए राज्य स्तरीय महापंचायत बुलाई गई है। महा पंचायत में बड़ी संख्या में बस और वैन ऑपरेटरों के शामिल होने के कारण 3 सितंबर को स्कूल परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

अमृतसर में पिता ने अपनी ही 19 साल की बेटी की कर दी हत्या, मां की बातें सुन पुलिस वाले भी हैरान!

- घर के पास गड्ढा खोदकर दफनाने का आरोप लगाया
- पुलिस ने मौके पर खुदाई कर शव बरामद कर लिया
- मत्तेवाल पुलिस ने पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है
- बात कराने या आवाज सुनाने का भी नहीं दिया जवाब

डेली आवाज भारती

अमृतसर/(सलोनी नेहा गिल) : अमृतसर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पिता पर अपनी 19 साल की बेटी नवनीत कौर की हत्या कर उसके शव को घर के पास गड्ढा खोदकर दफनाने का आरोप लगा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर खुदाई कर शव बरामद कर लिया और उसे कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। नवनीत कौर की मां सरबजीत कौर के बयान के आधार पर मत्तेवाल थाना पुलिस ने पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। सरबजीत कौर के मुताबिक, उनकी एक बेटी ने करीब आठ महीने पहले घर से भागकर शादी कर ली थी। महिला का आरोप है कि उसके पति को दूसरी बेटी नवनीत कौर पर भी शक था कि उसका किसी युवक के साथ संबंध है। पारिवारिक विवाद के चलते सरबजीत कौर कुछ दिन पहले अपने मायके चली गई थीं। उनका आरोप है कि पति अक्सर उन्हें धमकाता था और घर छोड़कर चले जाने के लिए कहता था। 31



घर के पास नई मिट्टी देखकर हुआ शक

लगातार बदलते जवाबों के बाद सरबजीत कौर को शक हुआ। वह उस जगह पहुंचीं, जिसके बारे में नवनीत ने फोन पर गड्ढा खोदने की बात बताई थी। वहां नई मिट्टी देखकर उनका शक और गहरा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध जगह पर खुदाई कराई गई। खुदाई के दौरान जमीन के अंदर से नवनीत कौर का शव बरामद हुआ।

अगस्त को नवनीत कौर ने उन्हें फोन किया था। बेटी ने बताया था कि उसके पिता घर के बाहर एक गड्ढा खोद रहे हैं। इसके बाद सरबजीत की बेटी से दोबारा बात नहीं हो सकी। जब महिला ने पति से बेटी के बारे में पूछा तो उसने अलग-अलग जवाब दिए। उसने कहा कि नवनीत को छह महीने के लिए कहीं भेज दिया है। बेटी से बात कराने या उसकी आवाज सुनाने के लिए कहने पर भी वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

नेपाल पहुंचे स्त्र डेलीगेशन ने बिदुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया

नेपाल के होम मिनिस्टर से भी मिले

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) : नेपाल में आई भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए नेपाल गए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक डेलीगेशन ने आज बिदुर के प्रभावित इलाके का दौरा किया और वहां के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं और जरूरतों के बारे में जानकारी ली। SGPC डेलीगेशन ने नेपाल के होम मिनिस्टर श्री सुदान और होम डिपार्टमेंट के चीफ एग्जीक्यूटिव डॉ. दर्शन राज से भी मुलाकात की और उनसे रास्ता खोलने और जरूरतमंदों की मदद के लिए सामान लाने की जरूरी परमिशन देने को कहा। एडमिनिस्ट्रेशन ने SGPC की इस अपील को मान लिया है और जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। SGPC प्रेसिडेंट एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देशों के अनुसार, नेपाल गए डेलीगेशन में मेंबर भाई राजिंदर सिंह मेहता, भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, एडवोकेट भगवंत सिंह सियालका और डिप्टी सेक्रेटरी एस. आजाद दीप सिंह शामिल हैं। गौरतलब है कि नेपाल में आई भयानक बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। बाढ़ की वजह से कई घर तबाह हो गए, बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए और कई परिवार बेघर हो गए हैं। नेपाल से जानकारी देते हुए SGPC सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आज जब हम दूर-दराज के इलाके में पहुंचे और इस आपदा को अपनी आंखों से देखा, तो इसकी गंभीरता और भी गहरी हो गई। यहां हमने स्थानीय प्रशासन और प्रभावित लोगों से बात की और जानकारी ली कि उन्हें किस तरह की मदद की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि कल हम नेपाल के गृह मंत्री और वित्त मंत्री से भी मिले थे। आज उनके बुलावे पर हम बिदुर पहुंचे ताकि राहत का काम सही तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यहां प्रशासन और प्रभावित लोगों के साथ तालमेल बनाया गया है ताकि उनकी ज़रूरतों का अंदाज़ा लगाकर शिरोमणि कमेटी राहत और मदद के काम में अपना पूरा योगदान दे सके। इस मौके पर नेपाल के सिख नेता स. अंगद सिंह और स. हरपाल सिंह भी मौजूद थे।

पंजाब में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी पर हमला, बहन भी घायल; नशा तस्करों के खिलाफ दी थी जानकारी

- रंजिश के चलते उनपर और उनकी बहन पर हमला किया गया
- घायल कांस्टेबल और अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज हो रहे

करणप्रीत सिंह की ड्यूटी बब्बेहाली में छिंज मेले में लगी हुई थी

डेली आवाज भारती



गुरदासपुर। गुरदासपुर के गांव बब्बेहाली अड्डे में ड्यूटी पर तैनात पंजाब पुलिस के कांस्टेबल करणप्रीत सिंह और उनकी बहन पर कुछ युवकों ने कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही थाना तिब्बड़ के एसएचओ हरमिंदर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल कांस्टेबल और अन्य संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

छिंज मेले में ड्यूटी के दौरान हुआ हमला

***जानकारी** के मुताबिक, गांव मुस्तफा जट्टा के रहने वाले कांस्टेबल करणप्रीत सिंह की ड्यूटी बब्बेहाली में आयोजित छिंज मेले में लगी हुई थी। बताया जा रहा है कि जिस समय उन पर हमला किया गया, उस समय वह पुलिस की वर्दी में ड्यूटी निभा रहे थे। घायल कांस्टेबल ने आरोप लगाया कि उन्होंने गांव में नशा बेचने वाले कुछ तस्करों की जानकारी पुलिस को दी थी। उनका कहना है कि इसी रंजिश के चलते उन पर और उनकी बहन पर जानलेवा हमला किया गया। बयानों और जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*